शर्मा হার্ডওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील


# विकसित भारत समाचार


वर्ष : 12 | अंक : 264 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 1 मई, 2026 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



देश में एलपीजी की सौ फीसदी आपूर्ति की गई सुनिश्चित, स्टॉक की कमी नहीं : केंद्र पेज 2

गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हंगामा पैसा नहीं तो अस्पताल मत... पेज 3

भाजपा राजस्थान प्रभारी के बयान को लेकर आक्रोश, चित्तौड़ में कांग्रेस ... पेज 5

लक्ष्य सेन को मिली ली शि फेंग से करारी शिकस्त भारत थामस कप फाइनल ... पेज 7



door graphy Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


## सुप्रभात

*अगर किसी देश को भ्रष्टाचार से मुक्त होना है और खूबसूरत दिमाग वाले लोगों से भरना है तो समाज में तीन ऐसे लोग हैं, जो ऐसा कर सकते हैं। वे हैं- पिता, माता और अध्यापक।*

- अब्दुल कलाम

## न्यूज गैलरी

### मां की हत्या की आरोपी पूजा मलांग की जेल में मौत

**कार्बी आंग्लांग ( हि.स. )।** पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिले के देरामुख इलाके में अपनी मां की हत्या के आरोप में गिरफ्तार 19 वर्षीय पूजा मलांग की न्यायिक हिरासत में मौत हो गई। घटना के बाद से ही मामला काफी चर्चाओं में था। पुलिस सूत्रों द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल को हामरेन जिला कारागार में बंद पूजा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। -शेष पृष्ठ दो पर

### नेपाल में जीप दुर्घटनाग्रस्त, सभी 17 यात्रियों की मौत

**काठमांडू ( हि.स. )।** नेपाल के हिमालयी क्षेत्र रोल्पा में गुरुवार को एक जीप लगभग 800 मीटर गहरी खाई में गिर गई। रुकुम से जलजला की ओर जा रही इस जीप के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 17 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस टीम को राहत और बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर भेजा गया है। रोल्पा के -शेष पृष्ठ दो पर

# गिरफ्तारी के लिए 60 पुलिसवाले पहुंचे खेड़ा के घर

## *जमानत याचिका पर एससी में जोरदार बहस, फैसला सुरक्षित*



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। खेड़ा ने यह याचिका असम पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के सिलसिले में अग्रिम जमानत की मांग करते हुए दायर की थी। यह एफआईआर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी, रिनिकी भुइयां शर्मा की शिकायत पर दर्ज की गई थी। शिकायत में खेड़ा पर यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने दावा किया था कि रिनिकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट हैं। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल चंदुरकर की बेंच ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने गौहाटी हाई कोर्ट द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। खेड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी बात की शुरुआत यह कहते हुए की कि यह एक अभूतपूर्व मामला है, क्योंकि इसमें सरकारी वकील के भी बॉस के बॉस के बॉस के बयान शामिल हैं। उनका इशारा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा द्वारा सार्वजनिक रूप से दिए गए कुछ बयानों की ओर था। सिंघवी ने कहा कि वह खुली अदालत में शर्मा के कुछ बयानों को पढ़कर नहीं सुना सकते, क्योंकि उनमें कुछ ऐसे शब्द इस्तेमाल किए गए हैं जिन्हें छापा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि शर्मा ने धमकी दी है कि खेड़ा अपनी बाकी की जिंदगी असम की जेल में बिताएंगे। सिंघवी ने दलील दी, अगर डॉ. अंबेडकर को यह अंदाजा होता कि कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति इस तरह की बात करेगा, तो वह अपनी कब्र में भी करवटें बदलते रहते। सिंघवी ने आगे कहा कि इस मामले का मूल मुद्दा मानहानि और प्रतिष्ठा को हुए नुकसान के आरोप हैं और इसमें गिरफ्तारी या हिरासत में लेकर पूछताछ करने की कोई जरूरत नहीं थी। सिंघवी ने आगे कहा कि चलिए मान लेते हैं कि आखिरकार मुझे दोषी ठहरा दिया जाता है। लेकिन फिर भी गिरफ्तारी की क्या जरूरत है? इस मामले में ऐसा क्या है जिसे बिना गिरफ्तारी के नहीं किया जा सकता? उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय अपनाए जा सकते हैं कि खेड़ा कहीं भाग न जाएं और जांच में पूरा सहयोग करें। उन्होंने पूछा कि हिरासत में लेकर पूछताछ करके किसी को अपमानित करना क्यों जरूरी है? सिंघवी ने कहा कि खेड़ा को गिरफ्तार करने के लिए असम पुलिस के लगभग 50-60 जवान निजामुद्दीन पहुंच गए थे, मानो वह कोई आतंकवादी हों। उनके अनुसार, एफआईआर में दर्ज ज्यादातर अपराध जमानती हैं। इसके बाद सिंघवी ने हाई कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाया, क्योंकि उसमें ब्क्रहस की धारा 339 (जाली दस्तावेज रखना) का जिक्र किया गया है, जबकि इस अपराध का जिक्र न तो शिकायत में है और न ही एफआईआर में। सिंघवी ने यह भी कहा कि धारा 339 एक जमानती अपराध है। लेकिन न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने यह बताया कि धारा 339 अपराधों के विभिन्न स्तरों का उल्लेख करती है, जिनमें से कुछ के लिए आजीवन कारावास का दंड है, और कुछ के लिए 7 वर्ष तक के कारावास का दंड है। सिंघवी ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि, हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता (रिंकी भुइयां शर्मा) को *निर्दोष महिला* कहा कि उनका तर्क था कि यह मामला ट्रायल में तय किया जाना चाहिए। उन्होंने दलील दी कि -शेष पृष्ठ दो पर

## टुडे चाणक्य एग्जिट पोल

### *असम में 66 प्रतिशत मुस्लिमों का कांग्रेस को सपोर्ट*

# डॉ. शर्मा को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान



**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव को लेकर सर्वे एजेंसी टुडेज-चाणक्य का एग्जिट पोल सामने आ गया है, जिसमें एक बार फिर भाजपा की मजबूत वापसी के संकेत मिले हैं। एजेंसी के मुताबिक, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 126 सदस्यीय विधानसभा में करीब 102 सीटें मिल सकती हैं, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को केवल 23 सीटों पर सिमटने का अनुमान है। अन्य दलों के खाते में महज एक सीट जाने की संभावना जताई गई है। इस एग्जिट पोल की खास बात जातीय और सामाजिक समीकरणों का विश्लेषण है, जिससे यह समझने की कोशिश की गई है कि -शेष पृष्ठ दो पर

# पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिल रहा है पूर्ण बहुमत



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** टुडे चाणक्य ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के एक्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत की भविष्यवाणी की है। वहीं, तमिलनाडु में द्रमुक की वापसी और केरल में बदलाव की बात कही है। असम में सभी पोल एजेंसियों की तरह चाणक्य ने भी भाजपा की भारी बहुमत के साथ वापसी बताई है। टुडे चाणक्य के मतदान बाद किए गए सर्वे के अनुसार पश्चिम बंगाल में भाजपा को 192, तृणमूल कांग्रेस को 100 और अन्य को दो सीटें मिल सकती हैं। इनमें 11 सीटों का उतार-चढ़ाव संभव है। मतदान प्रतिशत की बात की जाए तो भाजपा को 45 प्रतिशत, तृणमूल को 38 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। इनमें 3 प्रतिशत कम या ज्यादा हो सकता है। राज्य में 294 विधानसभा सीटें हैं और बहुमत के लिए 148 सीटें चाहिए। तमिलनाडु में -शेष पृष्ठ दो पर

# श्यामकानू की जमानत याचिका खारिज



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** जुबीन गर्ग हत्या मामले में मुख्य आरोपित श्यामकानू महंत की जमानत याचिका को फास्ट ट्रैक अदालत ने खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले के साथ ही मामले में न्यायिक प्रक्रिया और तेज हो गई है। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सिंगापुर में जुबीन गर्ग की हुई मौत के बाद शामकानू महंत सिंगापुर से भागकर मलेशिया चले गए थे। इस बीच, मामले में चार्ज फ्रेम को लेकर सुनवाई की प्रक्रिया जारी है, जिसे पूरे मामले के एक महत्वपूर्ण चरण के रूप में देखा जा रहा है। अदालत में लगातार इस संबंध में बहस चल रही है। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले 24 अप्रैल को जमानत याचिका पर सुनवाई -शेष पृष्ठ दो पर

# मप्र का धार हादसा : तीन गांवों में हुआ 16 लोगों का अंतिम संस्कार




**भोपाल ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के धार जिले में में इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार रात सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 16 लोगों का गुरुवार को सुबह अलग-अलग शमशान घाटों पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इनमें नौ मृतक नयापुरा, 5 सेमलीपुरा और दो रामपुरा के निवासी थे। हादसे के बाद से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। तीनों गांवों में मातम छाया हुआ है। धार जिले में इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिकलिया फाटा के पास बुधवार रात मजदूरों से भरा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन टायर फटने के कारण अनियंत्रित हो गया और तीन-चार पलटी खाते हुए डिवाइडर को पार कर स्कॉर्पियो से टकरा गया था। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें छह बच्चे भी शामिल हैं। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता का एलान किया है। पुलिस के अनुसार, पिकअप वाहन में 46 मजदूर सवार थे। वाहन करीब 100 किलोमीटर की रफ्तार में था। इसी दौरान टायर फटने से यह हादसा हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर तत्काल राहत कार्य शुरू किया और दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को धार के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इंदौर कमिश्नर सुदाम -शेष पृष्ठ दो पर

### एक्शन में ममता ईवीएम स्ट्रांगरुम की खुद करेंगी पहरेदारी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पार्टी एक निर्णायक जीत की राह पर है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता एक ऐसी सरकार को वापस लाने के लिए तैयार है, जिसकी जड़ें उनके शब्दों में मां (माता), माटी (भूमि) और मानुष (लोग) की भावना में निहित हैं। ममता ने दावा किया कि चुनाव परिणाम पहले से ही उनकी पार्टी के पक्ष में स्पष्ट हैं। केंद्र सरकार ने अपनी पूरी मशीनरी लगा दी, लेकिन जीत हमारी ही होगी। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों को लेकर अपने आत्मविश्वास को और मजबूत करते हुए उन्होंने कहा कि हम 2026 में 226 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। -शेष पृष्ठ दो पर

# ईसीआई ने मतगणना केंद्रों पर किए सुरक्षा मजबूत, लागू किया क्यूआर कोड पहचान पत्र




**कोलकाता ( हि.स. )।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरण में संपन्न होने के बाद निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आगामी चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर कमर कस लिया है। आयोग ने मतगणना केंद्रों की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य मतगणना केंद्रों में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश को रोकना है। आयोग ने बताया कि यह नई व्यवस्था (ईसीआईनेट) प्रणाली के माध्यम से लागू की जाएगी। इसकी शुरुआत चार मई को होने वाली विधानसभा चुनावों की मतगणना से होगी। यह मतगणना असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुदुच्चेरी में होने वाली है। इसके साथ ही पांच राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी यह व्यवस्था लागू रहेगी। आगे चलकर इसे लोकसभा और सभी विधानसभा चुनावों में भी लागू किया जाएगा। -शेष पृष्ठ दो पर

### बरगी डैम में क्रूज पलटा, पांच लापता

**जबलपुर ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी क्षेत्र में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां अचानक आए तेज आंधी-तूफान के चलते एक क्रूज अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के वक्त क्रूज पर करीब 40 लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। अब तक 30 से 35 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हालांकि, अभी भी पांच लोगों के लापता होने की सूचना है, जिनकी तलाश जारी है। लापता -शेष पृष्ठ दो पर

# वीआईपी कल्चर छोड़ आम जनता से जुड़ें संगठन के नेता : राहुल गांधी



**धर्मशाला ( हि.स. )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए वीआईपी संस्कृति छोड़कर आम जनता से सीधे संवाद करना होगा। उन्होंने कांग्रेस के जिलाध्यक्षों से जमीनी मुद्दों को प्राथमिकता देने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नैरेटिव का जवाब मीडिया के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से दिया जाए। राहुल गांधी ने यह बात वीरवार को कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर राज्यों के 80 कांग्रेस अध्यक्षों के ट्रेनिंग शिविर के समापन पर कही। उन्होंने इस दौरान जिलाध्यक्षों को पार्टी को मजबूत करने और आम लोगों से जुड़कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के टिप्स दिए। राहुल गांधी ने अपने साढ़े चार घंटे के ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत करने, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया के -शेष पृष्ठ दो पर

# मिजोरम में 43 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण




**एजल।** मिजोरम में शांति स्थापना की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। हमार पीपुल्स कन्वेंशन डेमोक्रेटिक के लालहि्मंगथांगा सानाते गुट के 43 उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। इन सभी कैडरों ने औपचारिक रूप से हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। सेसावंग के सेंट्रल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट परेड ग्राउंड में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समर्पण समारोह में मुख्यमंत्री लालदुहोमा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष, गृह मंत्री, सांसद और कई विधायक भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि इसी साल 14 तारीख को मिजोरम सरकार और इस संगठन के बीच एक शांति समझौता हुआ था। उसी समझौते के -शेष पृष्ठ दो पर

# झुकने को तैयार नहीं ईरान, हाइपरसोनिक मिसाइल *डार्क ईगल* तैनात करेगा अमेरिका



**तेहरान/वाशिंगटन ( हि.स. )।** अमेरिका-इजराइल के साथ लड़ाई में अपने सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और शीर्ष सैन्य कमांडरों को खो चुका ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के आधिपत्य पर झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि ईरान को हार माननी ही पड़ेगी। ईरान ने ट्रंप के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। ईरानी कमांडरों का कहना है कि सवाल ही नहीं उठता। ईरान तेल पर टिकी अपनी अर्थव्यवस्था के लड़खड़ाने के बीच अमेरिका से सीधा मुकाबला करने को तैयार है। स्थिति गंभीर होती देख अमेरिका होर्मुज में हाइपरसोनिक मिसाइल *डार्क ईगल* की तैनाती पर विचार कर रहा है। इसकी मारक क्षमता 2700 किलोमीटर से अधिक है। सीएनएन, सीबीएस न्यूज, मेहर न्यूज एजेंसी, अल जजीरा, ब्लूमबर्ग और गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल मोहसिन रजेई ने कहा है कि ईरान की शक्तिशाली सशस्त्र -शेष पृष्ठ दो पर

# तमिलनाडु व केरल में इंडी गठबंधन की जीत तय : खड़गे



**कलबुर्गी ( हि.स. )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तमिलनाडु और केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन जीत हासिल करेगा। असम में हमें कम सीटें मिलने का अनुमान एग्जिट पोल में जताया गया है, लेकिन हम उससे ज्यादा सीटें जीतेंगे। कांग्रेस नेता खड़गे यहां कलबुर्गी में पांच राज्यों चुनाव के नतीजों को लेकर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए खड़गे ने कहा कि वहां तृणमूल कांग्रेस के आगे रहने की संभावना है। एनडीए दलों ने टीएमसी को कड़ी टक्कर दी है, जबकि कांग्रेस इस बार अकेले चुनाव मैदान में उतरी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और टीएमसी दोनों ही जीत का दावा कर रही हैं। दो दिन इंतजार कर लें, उसके बाद स्थिति -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

## उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से मिलती है सफलता : पीएम

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को निरंतर कर्मशील बनाए रखते हैं और यही गुण सफलता की कुंजी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को एक्स पर लिखा कि कर्मठ और ऊर्जावान नागरिक ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं, जिनके परिश्रम से विकास की नई राहें प्रशस्त होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से देश समृद्धि, आत्मनिर्भरता और उन्नति के शिखर तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए लिखा कि अनिर्वेदो हि सततं सर्वार्थेषु प्रवर्तक: । करोति सफलं जन्तो: कर्म यच्च करोति स: ॥ प्रधानमंत्री ने इसके अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को अपने कार्यों में निरंतर सक्रिय बनाए रखते हैं। यही अटूट उत्साह व्यक्ति के हर संकल्प को सफलता तक पहुंचाने में सहायक होता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यों में निरंतरता और ऊर्जा बनाए रखें, जिससे व्यक्तिगत और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर प्रगति सुनिश्चित हो सके।

# देश में एलपीजी की सौ फीसदी आपूर्ति की गई सुनिश्चित, स्टॉक की कमी नहीं : केंद्र

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पश्चिम एशिया में बदलती परिस्थितियों और मौजूदा संकट के बीच केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की सप्लाई 100 फीसदी सुनिश्चित की गई है। एलपीजी बुकिंग की अवधि को भी कुशलतापूर्वक मैनेज करने के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास स्टॉक की कमी नहीं है, जबकि आपूर्ति भी बिना रुकावट जारी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की सप्लाई सौ फीसदी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि बुकिंग की अवधि को भी कुशलतापूर्वक मैनेज करने के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास स्टॉक की कमी नहीं है और ऑनलाइन बुकिंग लगभग 98 फीसदी तक बढ़ गई है। वहीं, लगभग 93 फीसदी एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी *डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड* सिस्टम के माध्यम से की जा रही है। सुजाता शर्मा ने बताया कि कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई लगभग 70 फीसदी तक बहाल कर दी गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स की तीन-सदस्यीय समिति, राज्य सरकारों के समन्वय से कमर्शियल एलपीजी की निरंतर बिक्री सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस महीने लगभग 1,92,532 टन कमर्शियल एलपीजी की बिक्री हुई है, जिसमें अकेले कल ही लगभग 8,500 टन की बिक्री हुई। इसके अलावा एलपीजी वितरक पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग में संयुक्त सचिव, अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि उर्वरकों की उपलब्धता मजबूत बनी हुई है और आपूर्ति जरूरत से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि खरीफ 2026 सीजन के लिए 390.54 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की जरूरत के मुकाबले मौजूदा स्टॉक 193.38 एलएमटी है, जो लगभग 50 फीसदी है। उन्होंने बताया कि यह बेहतर योजना, पहले से स्टॉक रखने और कुशल लॉजिस्टिक्स को दिखाता है, जिससे सभी राज्यों में आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। यूरिया की उपलब्धता 73.81 एलएमटी और डीएपी की 23.47 एलएमटी है, जबकि अन्य उर्वरक भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। शर्मा ने कहा कि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि वैश्विक संकट के बाद घरेलू उत्पादन और आयात स्थिर बने हुए हैं, जिससे कुल उपलब्धता में लगभग 78 एलएमटी की बढ़ोतरी हुई है।

# श्रीरामपुर में तस्करी के लिए लाए जा रहे 15 भैंसे जब्त, दो चालक गिरफ्तार



**कोकराझाड़ ( हिंस )।** असम-पश्चिम बंगाल सीमा स्थित श्रीरामपुर क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करी के उद्देश्य से लाए जा रहे 15 भैंसों को जब्त किया है। इस दौरान पशुओं को ले जा रहे ट्रक को भी कब्जे में लिया गया तथा दो चालकों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोसाईगांव महकमा अंतर्गत शिमुलटापु पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की ओर से एक वाहन में अवैध रूप से भैंसे लाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी संजीव हैंडिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर नाका बंदी कर तलाशी अभियान चलाया। आज दोपहर करीब 2 बजे असम की ओर आ रहे संदिग्ध वाहन को श्रीरामपुर पुलिस नाके पर रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक में भूसे की बोरियों के नीचे छिपाकर रखे गए 15 भैंसे बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि टाटा कंपनी के 710 मॉडल ट्रक (एएस-28ओसी-0664) में भैंसों को छिपाकर लाया जा रहा था। जब वाहन चालकों से पशुओं के वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों चालकों शाहिदुल इस्लाम और राकिबुल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि भैंसों को बिहार के अररिया से गुवाहाटी ले जाया जा रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि गुवाहाटी के जाहिरुल नामक व्यापारी ने इन पशुओं को मंगवाया था। गिरफ्तार दोनों चालकों का घर बरपेटा जिले के हाउली क्षेत्र में बताया गया है। उल्लेखनीय है कि इसी महीने पुलिस ने सब्जी लदे दो वाहनों से भी मवेशी जब्त किए थे। इसके बावजूद तस्कर लगातार नए तरीकों से मवेशियों की अवैध ढुलाई करने का प्रयास कर रहे हैं। शिमुलटापु पुलिस चौकी प्रभारी संजीव हैंडिक ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन-रात कड़ी निगरानी रखी जा रही है, जिसके कारण लगातार तस्करी में इस्तेमाल वाहनों को पकड़ा जा रहा है।

*तीन युवतियों की मौत का मामला*

# गुवाहाटी के रुद्राक्ष मॉल के एक्सोरो बार का लाइसेंस रद्द

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के रुद्राक्ष मॉल स्थित एक्सोरो बार का लाइसेंस प्रशासन द्वारा रद्द कर दिया गया है। यह कार्रवाई मठघरिया में हुई सड़क दुर्घटना के बाद सामने आई गंभीर अनियमितताओं के चलते की गई है। जानकारी के अनुसार, मठघरिया हादसे के बाद जांच के दौरान एक्सोरो बार से जुड़े कई तथ्य उजागर हुए। पता चला कि बार निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन करते हुए रात 3 बजे तक इसे संचालित किया जा रहा था। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की और बार का लाइसेंस रद्द कर दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि एक्सोरो बार में रात्रि के 3 बजे तक शराब पीने के बाद तीनों युवतियों को लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाई जा रही गाड़ी मठघरिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी : मुख्य आरोपी जयदीप दत्ता गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने के आरोप में सिलचर से एक बी-टेक डिग्रीधारी युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जयदीप दत्ता (38) के रूप में हुई है, जो श्रीकोना प्रथम खंड का निवासी है। उसके खिलाफ अब तक लगभग 15 से 20 करोड़ रुपए के वित्तीय घोटाले के आरोप सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार, कंप्यूटर साइंस में बी-टेक डिग्रीधारी जयदीप ने कुछ वर्ष पहले श्रीकोना में *आइकॉनिक फाइनेंस सॉल्यूशन* नाम से एक निजी वित्तीय संस्था की शुरुआत की थी। वह लोगों को विश्वास दिलाता था कि उनका पैसा शेयर बाजार में निवेश किया जाएगा और इसके बदले निवेशकों को हर महीने 15 प्रतिशत तक का लाभ दिया जाएगा। शुरुआत में कुछ निवेशकों को नियमित रूप से लाभ मिलने पर यह खबर तेजी से फैल गई, जिसके बाद कछार जिले समेत अन्य क्षेत्रों के कई लोगों ने बड़ी रकम इस कंपनी में निवेश कर दी। बाद में आरोपी ने करीब 15 से 20 करोड़ रुपए की ठगी कर परिवार सहित फरार हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे आरोपी को बीते मंगलवार को कटाखाल रेलवे स्टेशन पर ठगी के शिकार निवेशकों ने पहचान कर पकड़ लिया और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि अब तक 29 लोगों ने सिलचर के तारापुर पुलिस चौकी में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# पूसीरे ने 2025-26 में व्यापक अपग्रेड के साथ स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को किया मजबूत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** रेल लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने पूरे नेटवर्क में चिकित्सा बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने और मरीजों की देखभाल सुविधा को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया है कि स्वास्थ्य सुविधाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में एक प्रमुख कदम उठाते हुए, कई प्रमुख रेल अस्पतालों में कई उन्नत चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं। कटिहार स्थित मंडल रेल अस्पताल को एक डिजिटल एक्स-रे सिस्टम और एक पूर्ण स्वचालित ऑटो एनालाइजर से सुसज्जित किया गया है, जिससे डायग्नोस्टिक की सटीकता और कार्यक्षमता में काफी सुधार हुआ है।

# पृष्ठ एक का शेष

### गिरफ्तारी के लिए ...

हाई कोर्ट ने इस मुद्दे पर पहले ही कोई राय बना ली थी। सिंघवी ने जोर देकर कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत मिली व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर रोशनी डाली कि खेड़ा कोई *पक्के अपराधी* नहीं हैं, बल्कि एक सक्रिय राजनेता हैं, और यह मामला असल में याचिकाकर्ता द्वारा लगाए गए कुछ राजनीतिक आरोपों का एक राजनीतिक जवाब है। असम राज्य की ओर से भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस याचिका का विरोध किया। उन्होंने बेंच को शिकायत के हर पहलू से अवगत कराया ताकि यह दिखाया जा सके कि इसमें अपराध बनता है। एसजी ने कहा कि खेड़ा ने आरोप लगाया था कि, मुख्यमंत्री की पत्नी के पास तीन अन्य देशों के पासपोर्ट हैं, और उन्होंने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कथित पासपोर्ट की कुछ तस्वीरें भी दिखाई थीं। हालांकि, जांच से पता चला है कि दिखाई गई तस्वीरें नकली थीं। एसजी ने आगे कहा कि अमेरिका में रजिस्टर्ड एक कंपनी से जुड़े कुछ नकली दस्तावेज भी दिखाए गए थे। एसजी ने कहा कि खेड़ा से हिरासत में पूछताछ करना जरूरी है, ताकि यह पता चल सके कि उनके साथी कौन थे, और यह समझा जा सके कि क्या शिकायतकर्ता के नाम पर पासपोर्ट बनवाने में किसी विदेशी ताकत का हाथ था। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस द्वारा जुटाई गई पूरी जानकारी इस मोड़ पर सार्वजनिक नहीं की जा सकती। एसजी ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद से खेड़ा फरार चल रहे हैं, और यह कोई साधारण मानहानि का मामला नहीं है। एसजी ने कहा कि एक जांच एजेंसी के तौर पर, मैं यह जानना चाहूंगा कि आपने ये नकली दस्तावेज कैसे बनाए? आपका इरादा क्या था? अगर आपने इन्हें नकली नहीं बनाया, तो आपको ये किसने दिए? वे कौन से विदेशी तत्व थे जो हमारे चुनावों में दखल देने में दिलचस्पी रखते थे? हिरासत में पूछताछ, पूछताछ के अन्य तरीकों से गुणात्मक रूप से अलग होती है। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा द्वारा कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई एक एफआईआर से जुड़ी है। ये आरोप खेड़ा के उन सार्वजनिक दावों से संबंधित हैं, जिनमें उन्होंने कहा था कि शर्मा के पास कई विदेशी पासपोर्ट हैं और विदेशों में उनके वित्तीय हित भी हैं। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता के कई प्रावधानों का जिक्र किया गया है, जिनमें धारा 175 (चुनाव के संबंध में झूठा बयान), 318 (धोखाधड़ी), 338 (कीमती दस्तावेज या वसीयत की जालसाजी), 337 (सरकारी रिकॉर्ड की जालसाजी), 340 (जाली दस्तावेज को असली के तौर पर इस्तेमाल करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 356 (मानहानि) शामिल हैं। खेड़ा ने शुरू में तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसने 10 अप्रैल को उन्हें एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी, ताकि वे असम की संबंधित अदालत से नियमित राहत की मांग कर सकें।

### डॉ. शर्मा को प्रचंड...

अलग-अलग वर्गों का रुझान किस तरफ गया। आंकड़ों के अनुसार, मुस्लिम वोटरों का बड़ा हिस्सा कांग्रेस गठबंधन के साथ जाता दिख रहा है, जहां कांग्रेस+ को 66 प्रतिशत समर्थन मिलने का अनुमान है, जबकि भाजपा+ को केवल 14 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं, अनुसूचित जाति (एससी) वोटरों में भाजपा की पकड़ काफी मजबूत दिखाई दे रही है। इस वर्ग में भाजपा+ को 68 प्रतिशत और कांग्रेस+ को 27 प्रतिशत समर्थन मिलने का अनुमान है। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में भी भाजपा को 69 प्रतिशत वोट मिलते दिख रहे हैं, जबकि कांग्रेस गठबंधन को 23 प्रतिशत पर संतोष करना पड़ सकता है। इन आंकड़ों से साफ संकेत मिलता है कि असम में भाजपा ने गैर-मुस्लिम वोट बैंक पर मजबूत पकड़ बनाई हुई है, जबकि कांग्रेस का आधार मुख्य रूप से मुस्लिम वोटरों पर टिका हुआ दिख रहा है। अगर ये अनुमान नतीजों में बदलते हैं, तो मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में भाजपा एक बार फिर से राज्य में सरकार बनाती नजर आएगी।

### पश्चिम बंगाल में ...

एजेंसी ने अन्नाद्रमुक को 125, द्रमुक को 45 और टीवीके को 63 सीटें दी हैं। इनमें 11 सीटें कम या ज्यादा हो सकती हैं। वोट प्रतिशत की बात की जाए तो अन्नाद्रमुक को 27, द्रमुक को 39 और टीवीके को 30 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। राज्य की 234 सीटों में जीतने के लिए 118 सीटें चाहिए। केरल में कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन को 69, वाम दलों वाले सत्तारूढ़ एलडीएफ गठबंधन को 64 और भाजपा गठबंधन को 7 सीटें मिल सकती हैं। वोट प्रतिशत इस प्रकार रह सकता है- यूडीएफ 40 प्रतिशत, एलडीएफ 38 प्रतिशत और भाजपा प्लस 20 प्रतिशत। 140 सीटों वाली विधानसभा में जीतने के लिए 71 सीटें चाहिए। असम में भाजपा गठबंधन को 50 प्रतिशत, कांग्रेस गठबंधन को 38 और अन्य को 12 प्रतिशत वोट शेयर मिलने का अनुमान जताया है। इसको अगर सीटों में बदल कर देखा जाए तो भाजपा 102, कांग्रेस 23 और अन्य 1 सीटें ले जा सकते हैं। राज्य की 126 सीटों में बहुमत का आंकड़ा 64 है।

### श्यामकानू की जमानत...

पूरी कर अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और 30 अप्रैल को निर्णय सुनाने की तिथि निर्धारित की गई थी। अब अदालत द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद आगे की सुनवाई पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि, असम पुलिस की क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित कर दिसंबर, 2025 में गुवाहाटी की एक कोर्ट में गायक की मौत के मामले में एक विस्तरित चार्जशीट दाखिल की थी। यह जांच 19 सितंबर, 2025 को सिंगापुर में जुबीन गर्ग की रहस्यमयी मौत के बाद शुरू हुई थी। खबरों के मुताबिक, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने के लिए सिंगापुर की यात्रा के दौरान समुद्र में घूमने निकले गर्ग की मौत हो गई थी। गुवाहाटी में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में दाखिल की गई इस चार्जशीट में सात लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें से चार लोगों पर, जिनमें फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत, जुबीन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, बैंड के एक सदस्य शेखरज्योति गोस्वामी और एक सह-गायक अमृतप्रभा महंत शामिल हैं जिनपर हत्या के आरोप लगाए गए हैं। जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और असम पुलिस के निलंबित अधिकारी संदीपान गर्ग पर *गैर-इरादतन हत्या* का आरोप लगाया गया है। साथ ही गर्ग के निजी सुरक्षा अधिकारी का नाम चार्जशीट में शामिल है।

### मप्र का धार हादसा ...

खाड़े ने बताया कि पिकअप वाहन में करीब 46 लोग सवार थे। घायलों के इलाज को लेकर प्रशासन ने व्यवस्था की है। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। करीब 15 घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। वहीं, छह अन्य का उपचार निजी अस्पतालों में जारी है। धार के पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बताया कि पिकअप वाहन तेज रफ्तार में था। चालक के नियंत्रण छूटने से वाहन तीन-चार बार पलटा। इसी दौरान सड़क के दूसरी तरफ जाकर स्कॉर्पियो से टकरा गया। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तनु (9 वर्ष) पुत्री उमेश निवासी नयापुरा धार, अंगूरी बाई (35) पत्नी भूरिया निवासी सेमलीपुरा धार, मैना बाई (45) पत्नी कृष्णा निवासी पटेलपुरा धार, सुमित (14) पुत्र नानूनाम निवासी नयापुरा धार, किरण (9) पुत्री दिनेश निवासी सेमलीपुरा धार, भूरी बाई (35) पत्नी सुंदर निवासी सेमलीपुरा धार, रंजना (25) पुत्री मनीष निवासी सेमलीपुरा धार, आयुष (14) पुत्र राजेंद्र निवासी नयापुरा धार, गोकुल (15) पुत्र कैलाश निवासी नयापुरा धार, सुनीता (42) पत्नी नारायण निवासी नयापुरा धार, कांता (45) पत्नी उदयसिंह निवासी सेमलीपुरा, रिंकू (19) पुत्र कंवर लाल निवासी नयापुरा धार, रंजना (22) पुत्री रामसिंह निवासी नयापुरा धार, सावित्री बाई (30) पत्नी सुभाष निवासी धार, संगीता (35) पत्नी पप्पू निवासी नयापुरा धार और प्रिया पत्नी विष्णु निवासी रामपुरा धार शामिल हैं। गुरुवार सुबह सभी मृतकों का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम किया गया और सभी मृतकों के शव परिजनों के साथ उनके गांव रवाना किए गए। सिविल सर्जन सर्जन डॉ मुकुंद बर्मन ने बताया कि 16 लोगों का पोस्टमार्टम किया गया है। लगभग 15 लोगों को अन्य चिकित्सालय में रेफर किया गया है वहीं शेष का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने बुधवार देर रात एक्स पर कहा कि मध्य प्रदेश के धार जिले में हुई दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार हादसे के प्रभावितों के प्रति संवेदना जताई है।

### ईसीआई ने मतगणना ...

आयोग सूत्रों के अनुसार, मतगणना केंद्रों पर पहचान की जांच के लिए तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। पहले और दूसरे स्तर पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र की मैनुअल जांच होगी। तीसरे और सबसे अंदरूनी सुरक्षा घेरे में केवल क्यूआर कोड स्कैनिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। यह क्यूआर कोड आधारित पहचान पत्र उन सभी लोगों पर लागू होगा जिन्हें मतगणना केंद्र और मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति है। इनमें रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, मतगणना कर्मी, तकनीकी कर्मचारी, उम्मीदवार, चुनाव एजेंट और मतगणना एजेंट शामिल हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि प्रत्येक मतगणना केंद्र के पास मीडिया कर्मियों की सुविधा के लिए मीडिया केंद्र बनाया जाएगा। मीडिया प्रतिनिधियों को पहले की तरह आयोग द्वारा जारी अधिकृत पत्र के आधार पर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस नई प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें, ताकि मतगणना प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### बरगी डैम में ...

लोगों की खोज के लिए गोताखोरों और बचाव दलों को तैनात किया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और एसपी संपत उपाध्याय समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन ने खोज अभियान को और तेज कर दिया है, ताकि लापता लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

### वीआईपी कल्चर छोड़ ...

प्रभावी उपयोग और विपक्ष के नैरेटिव का जवाब देने के भी टिप्स दिए। ट्रेनिंग सेशन के बाद राहुल गांधी ने दोपहर बाद ट्रेनिंग शिविर में आए कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के साथ लंच किया और दोपहर सवा दो बजे वह कांगड़ा से वापस दिल्ली लौट गए। गौरतलब है कि कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत 10 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप हिमाचल के कांगड़ा में रखा गया था। इसमें तीन प्रदेशों के 80 जिला अध्यक्षों को 10 दिन तक ट्रेनिंग दी गई। वीरवार को ट्रेनिंग कैंप खत्म हो गया है। इसी तरह के कैंप कांग्रेस दूसरे राज्यों में भी लगा चुकी है। इसका मकसद संगठन को मजबूत बनाना है। उधर, इससे पूर्व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वीरवार सुबह करीब 8 बजे कांगड़ा एयरपोर्ट पर उतरे। इसके बाद वह सड़क मार्ग से कांगड़ा के गुप्त गंगा पहुंचे, जहां पंजाब, हिमाचल व जम्मू-कश्मीर राज्यों के कांग्रेस अध्यक्षों का ट्रेनिंग कैंप चल रहा था। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने एयरपोर्ट पर राहुल गांधी जा स्वागत किया और फिर राहुल गांधी के साथ ही गाड़ी में ट्रेनिंग शिविर स्थल गुप्त गंगा पंहुचे। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा इस शिविर को सम्बोधित करने से संगठन के पदाधिकारियों को एक नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल के कांगड़ा में इस शिविर का आयोजन आने वाले समय में संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शिविर में मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, जमीनी स्तर पर मतदाताओं से जुड़ने और विपक्षी दलों के नैरेटिव का जवाब देने के टिप्स दिए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि राहुल गांधी पूरे देश में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसी कड़ी में वे कांगड़ा भी आये थे। हिमाचल कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रशिक्षण शिविर के संयोजक एवं एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि राहुल गांधी का यह दौरा केवल प्रशिक्षण शिविर तक सीमित रहा। राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को सम्बोधित कर उनमें एक नया जोश भरा है। जिसका परिणाम आने वाले समय मे दिखेगा।

### एक्शन में ममता ...

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल के अनुमानों की कड़ी आलोचना की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि उसने तृणमूल कार्यकर्ताओं में घबराहट पैदा करने के लिए आंकड़ों में हेरफेर किया है। इन अनुमानों को फिक्स्ड बताते हुए उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल के आंकड़े भाजपा के दफ्तर से जारी किए गए थे और दावा किया कि ये उनके समर्थकों का मनोबल गिराने के लिए मनगढ़ंत तरीके से तैयार किए गए थे। अपने वीडियो संदेश में ममता ने आरोप लगाया कि उनके विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में पूरी रात छापेमारी की गई। उन्होंने एलान किया कि उनकी पार्टी *गिनती के दौरान किसी भी तरह का खेल* नहीं होने देगी और पार्टी कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपना आखिरी दांव चल दिया है... अगर असली आंकड़े जारी किए जाते तो शेयर बाजार धड़ाम हो जाते... लोगों को एकजुट रहना होगा और गिनती पर पैनी नजर रखनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह खुद ईवीएम स्ट्रांगरूम की पहरेदारी करने के लिए तैयार हैं। एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि 2026 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में जीत हासिल करेगी। चाणक्य स्ट्रैटेजीज के एग्जिट पोल के अनुसार, भाजपा को 150-160 विधानसभा सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों में से 130-140 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, चाणक्य स्ट्रैटेजीज के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अन्य पार्टियों को छह से 10 विधानसभा सीटें मिलने का अनुमान है। मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुमानों के अनुसार, भाजपा 146-161 सीटों के साथ पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीत रही है, जबकि टीएमसी को 125 से 140 सीटें मिलने का अनुमान है।

### मिजोरम में 43 ...

तहत आज इन कैडरों ने अपने हथियार पुलिस को सौंप दिए। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि मिजोरम में शांति लंबे समय के संवाद और प्रयासों का परिणाम है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि से दूर रहें जो हिंसा या टकराव को बढ़ावा देती हो। इस मौके पर गृह मंत्री के सपडांगा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने इस दिन को राज्य के इतिहास का एक ऐतिहासिक दिन बताया है। उग्रवादी गुट के नेता लालहिमंगथांगा सानाते ने सरकार के कदमों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि शांति प्रक्रिया में शामिल होने का उनका फैसला बिल्कुल सही है। कार्यक्रम के दौरान सभी 43 कैडरों ने शपथ ली कि वे अब शांतिपूर्ण जीवन जिएंगे। इस कदम के बाद मिजोरम अब पूरी तरह से उग्रवाद मुक्त राज्य बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ गया है। गुट के नेता लालहिमंगथांगा सानाते ने कहा कि हम सरकार के प्रयासों की सराहना करते हैं और शांति प्रक्रिया में शामिल होने के अपने फैसले को सही मानते हैं। इस समर्पण को राज्य में स्थायी शांति की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। सरकार अब इन पूर्व उग्रवादियों के पुनर्वास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर काम करेगी।

### झुकने को तैयार नहीं ...

सेनाएं अमेरिका के किसी भी संभावित हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर मेजर जनरल रजेई ने बुधवार देर रात एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका का कोई भी नया हमला विनाशकारी होगा। उन्होंने कहा कि इतिहास यह दर्ज करेगा कि ईरान ने फारसी खाड़ी और ओमान सागर में अमेरिकी महाशक्ति को डुबो दिया। इस बीच वैश्विक ऊर्जा बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। कच्चे तेल की कीमत आसमान को छू रही है। अमेरिकी नाकाबंदी के बाद ईरान ने होर्मुज को पूरी तरह बंद कर दिया है। ईंधन की बढ़ती कीमत से खुद अमेरिका परेशान है। आईआरजीसी की नौसेना कमांडर रियर एडमिरल शहरम ईरानी ने कहा कि ईरान कभी हार नहीं मानेगा। ट्रंप की धमकियों की आगे देश नहीं झुकेगा। ईरान जवाबी कार्रवाई के लिए हर मोर्चे पर तैयार है। उन्होंने कहा कि अगर दुश्मन में हिम्मत है तो होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाज भेजकर देख ले। ईरानी ने कहा कि अमेरिकी नाकाबंदी बेअसर है। अनेक जहाज हमारे बंदरगाहों से रवाना हुए और कुछ अपने गंतव्य तक पहुंच गए। उन्होंने कहा कि दुश्मन को बहुत जल्द ऐसे हथियार का सामना करना पड़ेगा, जिससे वह बहुत डरता है। ईरानी ने कहा कि हमारी नौसेना अमेरिकी विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन पर सात मिसाइलें दाग चुकी है। ऐसा करके अमेरिका को विमानवाहक पोत से विमान उड़ाने या हवाई हमले करने से रोक दिया गया। आईआरजीसी की नौसेना के राजनीतिक मामलों के उप प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के बारे में कोई नई गलतफहमी पाल ली है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान के खिलाफ फिर सैन्य कार्रवाई करता है तो आईआरजीसी की नौसेना उसके विशाल जहाजों को राख कर देगी। इस तनातनी के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि इस आक्रामकता के बावजूद ईरान अभी भी सैन्य क्षमता के मामले में बहुत मजबूत है। माना जा रहा है कि अमेरिका हाइपरसोनिक मिसाइल डार्क ईगल की तैनाती पर विचार कर रहा है। ईरान के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास मिसाइल और ड्रोन का इतना जखीरा है कि वे लंबे समय तक संघर्ष जारी रख सकते हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड को इसका अंदाजा है। तभी उसने सेना के लंबे समय से अटके हुए डार्क ईगन सिस्टम को इस क्षेत्र में भेजने का अनुरोध किया है।

### तमिलनाडु व केरल...

स्पष्ट हो जाएगी। पूर्ण नतीजे आने के बाद पश्चिम बंगाल में टीएमसी को समर्थन देने पर चर्चा करेंगे। कर्नाटक की राजनीति में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों से जुड़े सवाल पर खड़गे ने कहा कि इस मुद्दे को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ लोग मुझे मुख्यमंत्री बनाने की बात कर रहे हैं, यह उनका व्यक्तिगत विचार है, लेकिन पार्टी के फैसले हाईकमान लेता है। हम विचारधारा के आधार पर काम करते हैं। खड़गे ने यह भी कहा कि पार्टी के निर्णयों में सोनिया गांधी की भूमिका अहम रहती है और जरूरत पड़ने पर राहुल गांधी से भी चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा कि फिलहाल राज्य में मुख्यमंत्री हैं, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन का कोई सवाल नहीं है।

### मां की हत्या की ...

कारागार प्रशासन द्वारा उसे पहले हामरेन सिविल अस्पताल और बाद में नगांव सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि पूजा मिर्गी रोग से पीड़ित थी और उसी के चलते उसकी मौत हुई है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को देरामुख के लालुंग गांव में पूजा मलांग ने कथित रूप से अपनी 42 वर्षीय मां अनुमाई मलांग की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। इस हमले में उसके पिता प्रेमेंद्र मलांग और बहन भी घायल हुई थी। घटना के बाद वह कथित तौर पर जंगल में छिप गई थी, जहां से 24 अप्रैल को उसे गिरफ्तार किया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने पूजा के अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया है। फिलहाल उसका शव नगांव सिविल अस्पताल के मोर्चरी में रखा हुआ है।

### नेपाल में जीप ...

डीएसपी वीरेंद्र वीर विश्वकर्मा के मुताबिक रुकुम से जलजला की ओर जा रही बोलेरो जीप (लु 1 ज 4167) सड़क से करीब 800 मीटर नीचे जा गिरी। जीप में सवार सभी 17 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी यात्री वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले वार्षिक मेले में शामिल होने के लिए जलजला जा रहे थे। दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस टीम को सक्रिय किया गया और बचाव कार्य जारी है। हालांकि, नेटवर्क की समस्या के कारण घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी अभी तक प्राप्त नहीं हो पाई है। पुलिस टीम से लगातार संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

तापमान

अधिकतम $27^{0}$ न्यूनतम $20^{0}$





## शादी के 12 दिन बाद ही दुल्हन की मौत से श्रीभूमि में सनसनी

**श्रीभूमि ( हिंस )।** श्रीभूमि जिले के बदरपुर थाना क्षेत्र के मालुवा गांव में शादी के महज 12 दिन बाद ही ससुराल में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। हाथों की मेहंदी भी फीकी नहीं पड़ी थी और शादी के सपने पूरे होने से पहले ही दुल्हन की मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालुवा गांव निवासी इलास अली के पुत्र मनिरुज्जामान के साथ पड़ोसी बनियारगुल गांव के हुसैन अहमद की पुत्री जुबेदा बेगम का विवाह 12 दिन पूर्व हुआ था। बुधवार शाम करीब 7 बजे अचानक जुबेदा की तबीयत बिगड़ जाने की बात कही गई। परिजनों ने तुरंत उसे श्रीगौरी अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आज बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन अस्पताल पहुंचे, जिसके बाद वहां तनावपूर्ण स्थिति बन गई। परिजनों ने इस मौत को संदिग्ध बताते हुए बदरपुर थाने में सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए श्रीभूमि जिला अस्पताल भेज दिया। इधर, मृतका के पति मनिरुज्जामान ने बताया कि जुबेदा सुबह से ही बुखार से पीड़ित थी और शाम को दोनों ने साथ में चाय पी थी। इसके बाद वह स्थानीय दवा दुकान से बुखार और गैस की दवा लाकर पत्नी को दी थी। दवा लेने के कुछ समय बाद ही उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। वहीं, मृतका के भाई साजन अहमद का कहना है कि घटना से कुछ घंटे पहले तक जुबेदा पूरी तरह स्वस्थ थी और उससे बातचीत भी हुई थी। अचानक बेहोश होकर अस्पताल ले जाने की सूचना मिली, जहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के परिजनों ने इस घटना को सामान्य मौत मानने से इनकार करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

# गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हंगामा

# *पैसा नहीं तो अस्पताल मत आओ* का आरोप




**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (जीएमसीएच) में एक अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने का मामला सामने आया है। अस्पताल के सीएन सेंटर के कर्मचारियों पर मरीज के परिजनों के साथ मारपीट करने और उनका मोबाइल फोन तोड़ने का आरोप लगा है। बेहतर इलाज की उम्मीद में आए एक गरीब परिवार को अस्पताल में कड़वे अनुभव का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, डिफू चिकित्सा महाविद्यालय से पंकज विश्वास नामक व्यक्ति को गंभीर अवस्था में जीएमसीएच रेफर किया गया था। बीती देर रात उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीएन सेंटर में भर्ती करने के बाद कई जांच कराने को कहा गया। आरोप है कि काउंटर पर भुगतान में देरी होने पर अस्पताल के कर्मचारियों ने परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया। वहीं, एक डॉक्टर पर भी दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। घटना के दौरान हीरक दास और राहुल अली नामक दो ट्रॉली पुलरों ने कथित तौर पर मरीज के परिजनों का मोबाइल फोन तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें यह तक कहा गया कि यदि पैसे नहीं हैं तो मरीज को अस्पताल न लाएं। इधर, घटना को लेकर मरीज और परिजनों ने भंगागढ़ थाने में डॉक्टर और कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जानकारी मिलने पर जीएमसीएच अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मौके पर पहुंचे और तुरंत एंबुलेंस के जरिए पंकज विश्वास के उपचार की व्यवस्था दोबारा सुनिश्चित कराई। वहीं, परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्रॉली पुलर हीरक दास और राहुल अली को हिरासत में ले लिया है।

## भाजपा मुख्यालय में पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान का गुवाहाटी में आयोजन




**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रारंभ किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गुरुवार को असम प्रदेश मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 150 वरिष्ठ कार्यकर्ता और संसाधन व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक स्पष्टता को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। पार्टी प्रवक्ता कमल कुमार मेधी ने बताया कि यह प्रशिक्षण सत्र आगामी जिला स्तरीय कार्यशालाओं के लिए वक्ताओं को तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, ताकि पार्टी की विचारधारा का व्यापक प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी *नेशन फर्स्ट, पार्टी सेकेंड, सेल्फ लास्ट* के मूल मंत्र पर आधारित संगठन है, जहां व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं है। पार्टी के कार्यकर्ता पंच निष्ठा के सिद्धांतों का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया के नेतृत्व में किया गया।

## धुबड़ी में फजी मार्कशीट व सर्टिफिकेट के गौरख धंधा को पुलिस ने किया भंडाफोड़




**धुबड़ी ( विभास )।** धुबड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्यापाड़ा पार्ट 3 गुरु तेग बहादुर रोड के पास स्थित इंग्लिश एजुकेशन एकेडमी में चल रहे एक कथित फर्जी मार्कशीट रैकेट का पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने संस्था से कोरे कागज, फटी हुई मार्कशीट, दो लैपटॉप एक कंप्यूटर एक प्रिंटर एक पेपर कटिंग मशीन और अन्य दस्तावेज जब्द किए गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामला तब सामने आया जब धुबड़ी के सागर घोष हायर सेकेंडरी में प्रवेश लेने के लिए विद्यापाड़ा गवर्नमेंट बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल गए। जब स्कूल अधिकारियों को मार्कशीट और अन्य दस्तावेजों पर संदेह हुआ तब अधिकारी ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस के एक टीम ने इंग्लिश एजुकेशन एकाडमी पर छापा मारा। वहीं जानकार सूत्रों ने आरोप लगाया है कि उक्त इस अकादमी में 10, 000 से लेकर 12, 000 और उच्च डिग्री के लिए कभी-कभी इससे अधिक राशि के बदले फर्जी एचएसएलसी, हायर सेकेंडरी, बीए, एमए, एमबीए की डिग्री जारी करने का आरोप है। धुबड़ी सदर थाना के ओसी प्रीतम दास ने बताया कि सागर घोष को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इसके अलावा धुबड़ी जिला स्कूल निरीक्षक आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि विभाग इस मामले को गंभीर अपराध के रूप में ले रहा है और जिला आयुक्त को सूचित कर अगले कदम के लिए अनुमति मांगी गई है। श्री शर्मा ने कहा कि आगे की कार्रवाई और पहल एक सक्षम मजिस्ट्रेट की देखरेख में की जाएगी।

## असम-मेघालय कैडर के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से राज्यपाल की मुलाकात



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज यहां लोक भवन में असम-मेघालय कैडर के पांच आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की, जो अपने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के तहत शिष्टाचार भेंट पर पहुंचे थे। प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत के दौरान राज्यपाल ने उन्हें प्रतिष्ठित सिविल सेवा में चयनित होने पर बधाई दी। उन्होंने नागरिक-केंद्रित शासन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए। राज्यपाल ने सार्वजनिक सेवा में उच्चतम स्तर की ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। *रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म* के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए उन्होंने अधिकारियों को शासन में नवाचार और दक्षता लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशासन को अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में डिजिटल गवर्नेंस तथा नई तकनीकों की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित किया।

## विद्या भारती ने किया गुवाहाटी में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**गुवाहाटी ( हिंस )।** विद्या भारती की शिशु शिक्षा समिति, असम द्वारा प्राग्ज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के सभागार में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यभर के 527 शंकरदेव शिशु निकेतनों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिशु शिक्षा समिति के प्रचार समन्वयक मुकुटेश्वर गोस्वामी ने गुरुवार कों बताया है कि बीते बुधवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 10-30 बजे दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। शिशु शिक्षा समिति, असम के महासचिव जगन्नाथ राजबंशी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शंकरदेव शिशु निकेतन, पाटाचारकुची के छात्र ज्योतिर्मय दास, जिन्होंने हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) परीक्षा में 98.5 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य विद्यार्थियों-तनमय बोरा, निकिता देवी, कौशिक सेनापति, पार्थप्रतिम लहकर, अम्लान भुइयां, तनुस्का पराशर और कृष्णाक्षी कलिता- को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित असम के मुख्य सचिव डॉ. रवि कोटा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदार बनते हुए उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने विद्या भारती के समग्र शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान की सराहना की। इस अवसर पर शंकरदेव एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राणा प्रताप कलिता, प्राग्ज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. स्मृति कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिशु शिक्षा समिति के प्रचार समन्वयक गोस्वामी ने कहा कि पहली बार पूर्व छात्र संगठन द्वारा असमिया, संस्कृत और संगीत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 51 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## बी बरुवा कॉलेज के सामने सीता देवी को टक्कर मारने वाले वाहन को किया गया जब्त

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के बी बरुवा कॉलेज के सामने हुए एक भीषण सड़क हादसे में सीता देवी नामक महिला की मंगलवार को हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन को जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्योतिर्मय नाथ नामक चालक ने वाहन चलाते समय सीता देवी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। घटना का पूरा दृश्य पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है और फरार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# लोक भवन, असम ने गुजरात और महाराष्ट्र दिवस मनाया




**गुवाहाटी।** *एक भारत श्रेष्ठ भारत* की भावना का जश्न मनाने के लिए, लोक भवन, असम ने राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के मार्गदर्शन में आज यहाँ लोक भवन में गुजरात और महाराष्ट्र का राज्य स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर, राज्यपाल ने दोनों राज्यों के नागरिकों को, जिनमें असम में रहने वाले लोग भी शामिल हैं, अपनी हार्दिक बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और एकीकरण की गहरी भावना को बढ़ावा देने में इस अवसर को मनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि *एक भारत श्रेष्ठ भारत* पहल के तहत राज्य स्थापना दिवसों का उत्सव मनाने से देश के विभिन्न क्षेत्रों के बीच भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और आपसी समझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को याद करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र 1 मई, 1960 को भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद अलग राज्यों के रूप में अस्तित्व में आए थे। उन्होंने इसे भारत के लोकतांत्रिक विकास में एक ऐतिहासिक घटना बताया, जो लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाती है और राष्ट्र की संघीय संरचना को मजबूत करती है। दोनों राज्यों की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए, राज्यपाल ने कहा कि गुजरात अपनी जीवंत सांस्कृतिक विरासत और व्यापार, वाणिज्य और उद्योग के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही, यह महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे नेताओं की जन्मभूमि भी है, जिनका भारत की स्वतंत्रता और एकता में योगदान बेजोड़ है। महाराष्ट्र का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि इस राज्य का देश के सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य में एक विशिष्ट स्थान है। मुंबई इसकी वित्तीय राजधानी है, और इसकी समृद्ध विरासत को छत्रपति शिवाजी महाराज, बाल गंगाधर तिलक, वीर सावरकर और दादाभाई नौरोजी जैसे दिग्गजों ने आकार दिया है। राज्यपाल ने असम और इन दोनों राज्यों के बीच गहरे और सौहार्दपूर्ण संबंधों पर भी जोर दिया, जो *विविधता में एकता* की भावना का बेहतरीन उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि हर साल, गुजरात और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु असम आते हैं, विशेष रूप से पूजनीय कामाख्या मंदिर और विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के दर्शन के लिए। वहीं, असम के भी कई लोग इन राज्यों में रह रहे हैं और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास में सार्थक योगदान दे रहे हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान, परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत होती है, राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि राज्यों की प्रगति और सशक्तिकरण ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है, और एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत केवल सामूहिक प्रयासों और सहकारी संघवाद के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। इससे पहले, राज्यपाल के संयुक्त सचिव अरिंदम बरुआ ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के आयुक्त और सचिव एसएस मीनाक्षी सुंदरम, राज्यपाल के ओएसडी प्रो. बेचन लाल, श्री गुजरात वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष मनीषा शाह, आइआइटी गुवाहाटी के प्रो. विनायक कुलकर्णी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## जेएनवी विश्वनाथ में एनवीएस क्लस्टर और क्षेत्रीय स्तरीय बैठक संपन्न




**विश्वनाथ ( विभास )।** पीएम श्री स्कूल जेएनवी विश्वनाथ ने 21 अप्रैल से 29 अप्रैल, 2026 तक क्रमश: क्लस्टर स्तरीय और क्षेत्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। शिलांग क्षेत्र के जवाहर नवोदय बिद्यालयों को 8 क्लस्टर में विभाजित किया गया है। जेएनवी विश्वनाथ ने क्लस्टर-एफ (स्न) की खेलों की मेजबानी की। विभिन्न आयोजनों के चयनित खिलाड़ियों को शिलांग क्षेत्र के विभिन्न नवोदय विद्यालयों में आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लौने के लिए भेजा गया। क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन 26 अप्रैल, 2026 को *नवोदय क्षेत्रीय क्रिकेट मीट 2026* के इस भव्य आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि असीम बरगोहांई (एडीसी, विश्वनाथ) द्वारा किया गया। खेलों और पढ़ाई के बीच सह-संबंध पर जोर देते हुए, काजीरंगा डिवीजन के डीएफओ रितु पाबन बोरा (जो जेएनवी गोलाघाट के पूर्व छात्र भी हैं) ने छात्रों के बीच खेल भावना की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया। पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न जिलों के 37 जेएनवी से कुल 191 छात्र अपने एस्कॉर्ट शिक्षकों के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने आए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का अवलोकन एनएनआईईपी संस्थान के तीन विशेषज्ञों द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह खिलाड़ियों का चयन तीन श्रेणियों अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 के तहत किया गया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंडर-17 लड़कियों की एक टीम का भी गठन किया गया।

## फकीरग्राम कॉलेज में धूमधाम से मना *रंगाली बिहू और बैसागु उत्सव*




**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के फकीरग्राम शहर में स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था फकीरग्राम कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल और पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरुवार (बृहस्पतिवार) को कॉलेज परिसर में *रंगाली बिहू और बैसागु उत्सव 2026* का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस एक दिनिय कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10-00 बजे ध्वजारोहण और पौधारोपण अभियान के साथ हुई। दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से लेकर स्नातक स्तर तक के छात्र भाग ले रहे हैं। मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं। असमिया विरासत और बिहू तथा बोड़ो संस्कृति के रंग जैसे विषयों पर छात्र अपनी तूलिका से कला बिखेरेंगे। कॉलेज स्तर की छात्राओं के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता पर सभी की निगाहें टिकी हैं। कार्यक्रम में *बैसागु सोलो डांस, ग्रुप बिहू डांस* और बोड़ो संस्कृति का प्रसिद्ध *बागुरुंबा नृत्य* विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोपहर के सत्र में *मुकोली बिहू* और लोक गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि असमिया और बोड़ो समुदायों की एकता और उनकी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक प्रयास है। अन्त में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया सिंचाई विभाग का अभियंता


**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए दरंग जिला मुख्यालय मंगलदै स्थित सिंचाई विभाग के एक कार्यकारी अभियंता को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि अभियंता लंबित बिलों के भुगतान के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। असम पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय को एक शिकायत मिली थी, जिसमें कार्यकारी अभियंता ताजुल इस्लाम सिद्दीकी पर 30 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। शिकायतकर्ता रिश्वत देने के पक्ष में नहीं था और उसने कानूनी कार्रवाई के लिए निदेशालय से संपर्क किया। शिकायत के आधार पर 30 अप्रैल को निदेशालय की टीम ने मंगलदै के शांतिपुर स्थित कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में जाल बिछाया। इस दौरान अभियंता को शिकायतकर्ता से 25 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

# बीआरओ ने गुवाहाटी में पूर्वी क्षेत्र के मुख्य इंजीनियरों का कार्य सम्मेलन आयोजित किया



**गुवाहाटी।** पूर्वी क्षेत्र के सभी सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) प्रोजेक्ट्स के मुख्य इंजीनियरों का दो दिवसीय कार्य सम्मेलन 28 और 29 अप्रैल 2026 को गुवाहाटी में, सीमा सड़क (पूर्व) के अतिरिक्त महानिदेशक जितेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में पूर्वी क्षेत्र में बीआरओ प्रोजेक्ट्स के सभी सात मुख्य इंजीनियरों के साथ-साथ इंजीनियर बेस वर्कशॉप (ईबीडब्ल्यू) के कमांडेंट ने भी भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना (रोडमैप) पर विचार-विमर्श करना और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार करना था। परिचालन दक्षता बढ़ाने, संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर व्यापक चर्चाएं की गईं। कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा और समग्र परियोजना वितरण में सुधार के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने पर भी जोर दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए, अतिरिक्त महानिदेशक (पूर्व) ने सभी चल रही और भविष्य की परियोजनाओं में गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए कार्यों की गति तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा न केवल परिचालन प्रभावशीलता के लिए, बल्कि जनता का विश्वास और संगठन की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन का समापन उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए हुआ। उम्मीद है कि इन विचार-विमर्शों से चल रहे कार्यों को एक नई गति मिलेगी और मजबूत बुनियादी ढांचा विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के प्रति सीमा सड़क संगठन की प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ होगी।

## पाभै उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सौ प्रतिशत उत्तीर्ण



**विश्वनाथ ( विभास )।** विश्वनाथ जिले के पाभै उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विगत दो वर्षो का धारावाहिकता अक्षुण्ण रखते हुए इस साल भी हायर सेकंडरी परीक्षा में सौ प्रतिशत उत्तीर्ण बरकरार है। सरकारी विद्यालय की इस नतिजे को पाभैवासी सभी ने सराहना करते हुए कहा है आनेवाले दिनों में अधिक उत्साह के साथ विद्यालय को और आगे बढ़ाया जा सके इसके लिए छात्र छात्रा, शिक्षक शिक्षिका, अभिभावक तथा समाज सेवियों का सहयोग महत्वपूर्ण है। विद्यालय की ओर से शैक्षिक प्रधान प्रद्युत हाजरिका और वरिष्ठ शिक्षक चित्र प्रसाद पौड़ेल क्रमश: समूह शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए बधाईयां व अभिनंदन ज्ञापन किया।

# तेल टैंकर और कार की टक्कर में नई नवेली दुल्हन सहित चार की मौत, एक घायल

**शाहजहांपुर ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर दुल्हन को विदा कराकर ले जा रहे एक परिवार की कार तेल के टैंकर से टकरा गई। हादसे में दुल्हन सहित चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव अगौना बुजुर्ग निवासी अवधेश ने बताया कि उनके भतीजे रोहविल की शादी बीते 25 अप्रैल को खुटार थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया भगवन्तपुर निवासी कल्पना(28)के साथ हुई थी। चौथी की विदा पर कल्पना अपने मायके आई हुई थी। गुरुवार को रोहविल के पिता अनिल व अन्य परिवारवाले कल्पना को विदा कराकर वापस अपने गांव अगौना बुजुर्ग जा रहे थे। खुटार थाना क्षेत्र में रौतापुर कला गांव के पास सामने से आ रहे एक तेल के टैंकर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार कल्पना (28), पुरैना निवासी मौसेरी ननद शेशवी (28), मोहम्मदी निवासी फुफेरी सास रीना(35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अनिल (50) तथा उनका भांजा निर्दोष (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक टैंकर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान निर्दोष (20) ने भी दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि हादसे में तीन महिलाओं और एक युवक की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच कर रही है।

# भाजपा राजस्थान प्रभारी के बयान को लेकर आक्रोश चित्तौड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला



**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** शहर में नगर परिषद के निवर्तमान सभापति संदीप शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की और से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के खिलाफ अमर्यादित बयान को लेकर भाजपा राजस्थान प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। राधामोहन दास अग्रवाल के खिलाफ नारेबाजी की गई। उनके द्वारा दिए गए बयान पर सार्वजनिक माफी की मांग की गई। निवर्तमान सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी अपनी पार्टी की विचारधारा पर बात करने एवं उसका प्रचार प्रसार करने की स्वतंत्रता है। लेकिन लोकतंत्र में हर नेता को अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए एवं किसी भी विपक्षी व्यक्ति पर अर्नगल टिप्पणी या अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। शर्मा ने बताया कि सचिन पायलट पूरे राजस्थान में जन-जन के नेता है एवं कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ आम जनता और युवा वर्ग में भी वह बहुत लोकप्रिय है। उनके द्वारा पूरे देश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जो मेहनत की जा रही है एवं राजस्थान में उनकी लोकप्रियता का जो ग्राफ बढ़ रहा है उसे बौखला कर भाजपा प्रभारी द्वारा यह टिप्पणी की गई है जो कि भाजपा की एक सोची समझी चाल है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुमंत सुवालका, जाकिर हुसैन, मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, विजय चौधरी, विनोद लड्ढा, निवर्तमान पार्षद कन्हैया लाल माली, अशोक वैष्णव, देवराज साहू, संदीप सिंह शम्मी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोई लड़का मुझे परेशान और टॉर्चर कर रहा है, उसके कारण मैं सुसाइड कर रही हूं

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर के आखलिया क्षेत्र में रहने वाली एक युवती किसी युवक से तंग और परेशान होकर गुरुवार सुबह कायलाना पहुंची और पानी में छलांग लगाकर अपनी जान देने का प्रयास किया। वहां मौजूद कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने आवाज सुनी तब हरकत में आई तत्काल युवती को पानी से बाहर निकाला गया। बाद में युवती ने एक युवक द्वारा परेशान करने का आरोप लगाया और जान देने की बात की। फिलहाल इस बारे में अलग से जांच की जा रही है। दरअसल आज सुबह कायलना झील पर एक लड़की ने झील के अंदर छलांग लगा ली थी। पानी में डूबती हुई चिल्लाने की आवाज आई तब पुलिस कालिका यूनिट के कांस्टेबलों ने लड़की की आवाज सुनी। उन्होंने पास में ही गोताखोरों को आवाज लगाई। गोताखोर ने महिला पुलिस की आवाज पर गोताखोर भरत चौधरी मदन सिंह, भागीरथ, लक्ष्मण, नारायण, वेलाराम देखा तो एक लड़की पानी के अंदर डूब रही थी और काफी दूर थी दूरी होने के कारण गोताखोरों ने स्पीड बोट को लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे। गोताखोर भरत चौधरी और मदन सिंह ने पानी के अंदर छलांग लगाई उसको पानी के अंदर से तुरंत बार निकाला। बाहर निकलने पर कालिका यूनिट पुलिस के स्टाफ भी वहां तुरंत मौके पर पहुंचे लड़की को सीपीआर दिया गया। सीपीआर देने पर उसको होश आ गया तब उसको झील से बाहर लेकर आए और बाहर लाकर बैठाया गया। पानी पिलाया गया। इसके बाद गोताखोर भरत ने राजीव गांधी नगर थानाधिकारी रविंद्रपाल को कॉल किया और बताया एक लड़की कायलाना झील के अंदर कूद गई है। तकरीबन पांच मिनट बाद थानाधिकारी वहां पहुंच गए। बाद में लड़की को पुलिस गाड़ी के अंदर बैठा कर मथुरादास माथुर अस्पताल लेकर गए और उसको भर्ती करवाया गया। जब लड़की को होश आया तब पूछा गया किस लिए सुसाइड कर रहे हो तब उसे लड़की ने बताया कि कोई लड़का मुझे हमेशा परेशान कर रहा है और टॉर्चर कर रहा है, इसलिए मैं बहुत परेशान हो चुकी हूं और उसकी परेशानी की वजह से मैं आज सुसाइड कर रही हूं।

# एक्सप्रेस-वे पर चलती कार में आग, पांच लोग जिंदा जले गाड़ी से सिर्फ हड्डियां बरामद

**अलवर/भोपाल ( हिंस )।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में देररात चलती कार में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गए। चालक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बुधवार रात करीब 11 बजे मौजपुर के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के चैनपुरा गांव निवासी परिवार वैष्णो देवी से दर्शन कर लौट रहा था। परिवार ने कार किराए पर ली थी। मौजपुर के पास पहुंचते ही कार में अचानक सीएनजी गैस का रिसाव हुआ, जिससे तुरंत आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। चालक किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा, लेकिन वह भी गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना मिलते ही लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग बुझने के बाद कार पूरी तरह जल चुकी थी। लक्ष्मणगढ़ थाना प्रभारी नेकी राम ने बताया कि यह घटना रात करीब 11 बजे की है। वाहन सीएनजी और पेट्रोल से संचालित था। गैस रिसाव के कारण आग लगी, जो देखते ही देखते भीषण रूप ले गई। हादसे में तीन महिलाएं, एक पुरुष और एक बच्ची की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। आग इतनी तीव्र थी कि शव पूरी तरह जल गए हैं, जिनकी पहचान डीएनए जांच से कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मौके पर मेडिकल टीम को बुलाया गया है और मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस बीच अलवर पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी भी रात में ही मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, मौजपुर में एसएसबी ट्रेनिंग सेंटर के पास कार में अचानक आग लगी। रेस्क्यू टीम को आग बुझाने के बाद कार में से केवल हड्डियां मिलीं हैं। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। अलवर की एएसपी प्रियंका रघुवंशी के अनुसार, रात करीब 11.15 बजे लक्ष्मणगढ़ पुलिस को कार में आग लगने की जानकारी मिली थी। रात करीब 11.30 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी। आग बुझाने में करीब 15 मिनट का समय लगा।

# *मालव राज* की निम्बाहेड़ा में नहीं हो रही खरीद नए किस्म के गेहूं को लेकर किसान परेशान




**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** जहां एक ओर सरकार किसानों को राहत देने के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद कर रही है। गेहूं की खरीद के लिए सरकार ने नियम बनाए है लेकिन निम्बाहेड़ा (मालवा) क्षेत्र में बड़ी मात्रा में उगाए जाने वाले मालव राज किस्म के गेहूं की खरीद नहीं होने से किसान निराश है। इस संबंध में किसानों ने बताया कि मालव राज किस्म के गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद बंद कर दिए जाने के कारण किसान कम दाम पर बाजार में बेचने को मजबूर है। किसान कृषि मंडी भी जाते हैं लेकिन अधिकारी फिलहाल मालव राज गेहूं की खरीद के लिए मना कर रहे हैं। निम्बाहेड़ा तहसील के भावलिया निवासी यशवंत मेहता ने बताया कि इस किस्म के गेहूं की खरीद निम्बाहेड़ा के अतिरिक्त दूसरे क्षेत्रों में समर्थम मूल्य पर की जा रही है। लेकिन निम्बाहेड़ा में बहुतायात में इस किस्म के गेहूं की पैदावार होती है और वहां खरीद नहीं होने से किसान अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को गुहार लगा रहे है। इससे उनकी उपज का समर्थन मूल्य पर दाम मिल सके। लेकिन अभी तक इस किस्म के गेहूं की खरीद शुरू नहीं की गई है। इससे किसानों को कम कीमत पर गेहूं बाजार में बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार से मांग है कि मालव राज किस्म के गेहूं की खरीद शुरू करवाए मालव राज गेहूं की किस्म वर्तमान समय में ज्यादा प्रचलन में आ गई है। यशवंत मेहता ने बताया कि दूसरी किस्मों के मुकाबले मालव राज गेहूं में बीज 70 फीसदी ही लगता है और गेहूं का दाना बाली से नहीं गिरता है। उन्होंने बताया कि इस किस्म की फसल हवा चलने पर आड़ी पड़ने की संभावना कम होती है और इसका भूसा जानवर बड़े चाव से खाते है। इस किस्म पर शीतलहर का प्रकोप भी कम होता है और महीने भर बड़ी होने के बाद नील गाय भी इस किस्म के गेहूं को नहीं खाती है। बताया जाता है कि इस किस्म का गेहूं दलिया बनाने में ज्यादा उपयोग में आते है। इधर, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के लिए गेहूं खरीद करने वाली कंपनी फास्टेस्ट कृषि एपपीओ के अधिकारी अभिषेक विश्नोई ने बताया कि उनकी कम्पनी एफसीआई के लिए गेहूं की खरीद कर रही है। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार 15 प्रतिशत से ज्यादा टूट वाला गेहूं नहीं लिया जा रहा है। वहीं मालव राज किस्म में दाने छोटे-बड़े है। इसके लिए मालव राज किस्म की एक खेप एफसीआई गोदाम भेजी गई है। यदि वहां से स्वीकृति आती है तो दो दिन बाद मालव राज किस्म के गेहूं की खरीद शुरु कर दी जाएगी।

# कांग्रेस पार्टी का विरोध प्रदर्शन, गृहमंत्री अमित शाह व सीएम सम्राट चौधरी का पुतला किया दहन

**पटना ( हिंस )।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदाकत आश्रम के मुख्य गेट के सामने भाजपा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि दिल्ली में पांडव कुमार की हत्या केवल इसलिए कर दी गई क्योंकि वह बिहारी था। यह घटना न केवल एक युवक की हत्या है बल्कि पूरे बिहार की अस्मिता और सम्मान पर हमला है। बिहारी होना हमारी पहचान और स्वाभिमान से जुड़ा विषय है, जिसे किसी भी कीमत पर अपमानित नहीं होने दिया जाएगा। क्या भाजपा के शासन काल में बिहारी होना गुनाह हो गया है ? उन्होंने कहा कि राजधानी पटना में 10 वर्षीय बच्ची को न्याय दिलाने के लिए पटना साहिब विधानसभा के कांग्रेस उम्मीदवार शशांत शेखर और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा था, लेकिन पुलिस ने राजनीतिक दबाव में आकर उन पर प्राथमिकी दर्ज कर दमनकारी कार्रवाई की है। यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। राजेश राम ने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनते ही अपराधियों का मनोबल इस कदर हावी है कि सरकारी कार्यालय में



घुसकर हत्या की घटना को अंजाम दे देते हैं। कोई रोड रेज में भाजपा के ही नेता के परिजनों पर गोलियां उतार देते हैं। लेकिन राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में पूरी तरीके से पंगु बनी हुई है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने सरकार से मांग की कि पांडव कुमार की हत्या की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए और रोशनी को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठा रहे लोगों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए। विरोध प्रदर्शन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव पूनम पासवान, कांग्रेस विधान मंडल दल के पूर्व नेता डॉ. शकील अहमद खान, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# फतेहाबाद में ठेका प्रथा खत्म करने की मांग पर कर्मचारियों का प्रदर्शन, हड़ताल का एलान

**फतेहाबाद ( हिंस )।** फतेहाबाद में नगरपरिषद कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर 1 और 2 मई को दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है, जिससे सफाई व्यवस्था ठप रहेगी। हड़ताल के समर्थन में कर्मचारियों ने गुरुवार को नगरपरिषद कार्यालय मेंजोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान नरेश राणा ने की, जबकि मंच का संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रेस सचिव व जिला प्रधान विजय ढाका ने कहा कि हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी और तानाशाही अब बर्दाश्त से बाहर है। कर्मचारियों ने 16 अप्रैल से चरणबद्ध तरीके से विरोध दर्ज कराया, कभी कार्य बंद किया, कभी काली पट्टी बांधी और भूख हड़ताल भी की। लेकिन सरकार की हठधर्मिता ने कर्मचारियों को 1 व 2 मई को प्रदेशव्यापी हड़ताल के लिए मजबूर कर दिया है। शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने की पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इकाई प्रधान नरेश राणा ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि कर्मचारियों का मकसद जनता को परेशान करना नहीं है, बल्कि अपने हक की लड़ाई लड़ना है। जब तक ठेका प्रथा समाप्त नहीं होती और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, उनका संघर्ष जारी रहेगा। सरकार कर्मचारियों को बातचीत के लिए बुलाने के बजाय दमनकारी नीतियां अपना रही है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि इस संघर्ष में उनका साथ दें, क्योंकि यह लड़ाई आत्मसम्मान और भविष्य की सुरक्षा की है। 1 व 2 मई को घरों से कचरा न निकलने और सफाई न होने के कारण होने वाली असुविधा के लिए कर्मचारी संघ ने खेद जताया है।

# सपा कार्यकर्ताओं का बरहज तहसील घेराव का एलान, पुलिस ने नेताओं को किया हाउस अरेस्ट



**देवरिया ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में बरहज क्षेत्र में प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले प्रशासन और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच गुरुवार को टकराव की स्थिति देखने को मिली। हालांकि कोई माहौल बिगड़ता पुलिस ने कई सपा नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया था। जानकारी के मुताबिक, बीते दिन लक्ष्मीपुर गांव में अधिवक्ता की मौत के मामले को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने आज (गुरुवार) को बरहज तहसील का घेराव करने की घोषणा की थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए जिलाध्यक्ष समेत कई सपा नेताओं को सुबह हाउस अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि बुधवार रात और गुरुवार सुबह पुलिस ने सपा के जिलाध्यक्ष व्यास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गेना लाल यादव, वरिष्ठ नेता बेचू लाल यादव, संतोष यादव, मनोज यादव, रणवीर यादव, दिव्यांश श्रीवास्तव और बेचू लाल चौधरी सहित कई कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद कर दिया। उल्लेखनीय है कि बरहज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में बीते दिनों चक नाली पर सड़क निर्माण को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद अधिवक्ता विजेंद्र सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस प्रकरण में सपा निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। इसी को लेकर तहसील घेराव की योजना बनाई गई थी। हालांकि, प्रशासन ने किसी भी तरह के धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी और एहतियातन तहसील परिसर में कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। इस कार्रवाई पर पूर्व राज्यसभा सांसद कनक लता सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के जरिए लोकतंत्र की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि निर्दोष लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है लेकिन पूरी तरह से पुलिस नियंत्रण में बताई जा रही है और पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# एक्जिट पोल कुछ भी कहे बंगाल में भाजपा की सरकार बनना तय : गिरिराज सिंह




**सहरसा ( हिंस )।** शंकर नेत्रालय के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने जिला मुख्यालय पहुंचे केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने पूरब बाजार स्थित भाजपा नेता शशि शेखर झा के आवास पर मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने बंगाल चुनाव को लेकर कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। एक्जिट पोल कुछ भी कहे बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। ममता बनर्जी से बंगाल की जनता त्रस्त थी। जनता सरकार को बदलना चाहती थी, जो उन्होंने इस चुनाव में कर दिया है। ममता बनर्जी फिर से सरकार में आती तो बंगाल बंगलादेश बन जाता। जनता इसको समझ रही थी। दूसरे चरण के बंगाल चुनाव में ईवीएम के भाजपा बटन पर छेड़छाड़ के मामले में उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर ऐसी शिकायत मिली थी, लेकिन केंद्रीय पुलिस ने टीएमसी के गुंडे की एक नहीं चलने दी। मौके पर पूर्व मंत्री डॉ. आलोक रंजन, जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह, शालिग्राम देव, डॉ. राम नरेश सिंह, मनोज गुप्ता, सुमित सिन्हा, विजय बसंत, अर्जुन दहलान, अर्जुन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# अमृतसर पुलिस ने चार किलो हेरोइन व चार पिस्तौल सहित दो को किया गिरफ्तार



**अमृतसर ( हिंस )।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सरहद पार से चल रहे नशीले पदार्थ और हथियार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े दो आरोपियों को 4.108 किलोग्राम हेरोइन और चार आधुनिक पिस्तौलों सहित गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरशदीप सिंह उर्फ अरश (21) निवासी गांव लहूका, तरनतारन और तरसेम सिंह उर्फ कैरों उर्फ पहलवान (31) निवासी मोहल्ला जसवंत सिंह नगर, तरनतारन के रूप में हुई है। बरामद पिस्तौलों में दो 9 एमएम ग्लॉक (ऑस्ट्रिया निर्मित) और दो .30 बोर पिस्तौल (चीन निर्मित) तथा पांच जिंदा कारतूस शामिल हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि गैर-कानूनी हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप ड्रोन के जरिए भेजी जाती थी, जिसे बाद में आरोपी प्राप्त कर आगे सप्लाई करते थे। डीजीपी ने कहा कि इस नेटवर्क में शामिल अन्य साथियों की पहचान करने और आगे-पीछे के लिंक स्थापित करने के लिए जांच जारी है। कमिश्नर ऑफ पुलिस (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अरशदीप उर्फ अरश को 2.6 किलोग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। आगे की कार्रवाई में पूछताछ के आधार पर तरसेम उर्फ कैरों को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 1.5 किलोग्राम हेरोइन और चार पिस्तौल बरामद किए गए। सीपी ने बताया कि जांच के अनुसार तरसेम उर्फ कैरों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, जेल एक्ट और हत्या के प्रयास सहित कुल 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ कृष्ण (जो वर्तमान में विदेश में रह रहा है) का साथी है। आगे यह भी सामने आया कि गैंगस्टर गुरप्रीत उर्फ कृष्ण ने तरसेम को फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भेजने का लालच देकर अपने लिए काम करने को कहा था।

# भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना संघ का उद्देश्य : नरेंद्र ठाकुर

**लखनऊ ( हिंस )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि हिंदू समाज में जाति, भाषा, प्रांत आदि के आधार पर भेदभाव समाप्त होना चाहिए। संघ व्यक्ति निर्माण से राष्ट्रनिर्माण के कार्य में लगा है। इसके लिए 32 से अधिक संगठन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना संघ का उद्देश्य है। नरेंद्र ठाकुर ने नारद जयंती के उपलक्ष्य में यहां के होटल फॉर्च्यून में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहा कि संघ की 100 वर्ष की यात्रा सामान्य यात्रा नहीं है। हमारे कार्यकर्ताओं ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। संघ विश्व में भारत माता की जय-जयकार के लिए कार्य करता है। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना संघ का उद्देश्य है। प्रथम सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार को याद करते हुए उन्होंने कहा कि संघ व्यक्तिनिष्ठ नहीं, तत्वनिष्ठ बनने में विश्वास करता है। इसीलिए हमने किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु माना। उन्होंने कहा कि संघ की 85000 से अधिक दैनिक शाखाएं और




32000 से अधिक साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। वनवासी क्षेत्रों से लेकर नगरों तक अनगिनत सामाजिक कार्य स्वयंसेवक चला रहे हैं। नरेंद्र ठाकुर ने संघ के भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन का कार्य समाज में चल रहा है। सामाजिक समरसता के माध्यम से हम हिंदू समाज के बीच हर प्रकार का भेदभाव मिटाना चाहते हैं। शताब्दी वर्ष में हिंदू सम्मेलनों में समाज के सभी वर्ग एक साथ आये और सहयोग किया। कुटुम्ब प्रबोधन के जरिए संघ चाहता है कि पारिवारिक व्यवस्था ठीक रहे तो समाज भी ठीक रहेगा। पर्यावरण संरक्षण भी समाज का प्रमुख कर्तव्य होना चाहिए। साथ ही स्व के आधार पर समाज का जीवन चलना चाहिए। भाषा, वेशभूषा में भी स्व का प्रभाव होना चाहिए। इसी प्रकार सभी को नागरिक कर्तव्यों का बोध होना चाहिए। हर व्यक्ति देश, समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझे। यूजीसी के दिशा-निर्देशों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए संघ इस विषय पर अपना कोई मत व्यक्त नहीं करना चाहता, फिर भी हमारा मानना है कि समाज में सद्भाव बना रहना चाहिए। हमें आपस में नहीं उलझना है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख कृपाशंकर, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत, प्रांत प्रचारक कौशल, प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह, प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉ. शचीन्द्र, डॉ. लोकनाथ, विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख डॉ. उमेश, विश्व संवाद केंद्र न्यास के उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा, प्रांत के विशेष सम्पर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्य उपस्थित रहे।




# फ्लेक्स फ्यूल वाहनों को बढ़ावा, सरकार ई100 एथनॉल मानकों पर लेगी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के लिए उत्सर्जन परीक्षण मानकों को ई100 (100 फीसदी एथनाल) तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। इस संबंध में एक मसौदा अधिसूचना जारी की गई है, जिसका उद्देश्य देश में इन वाहनों के उत्पादन और अपनाने को गति देना है। यह कदम पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने और ऊर्जा सुरक्षा की बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है। वर्तमान में फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के परीक्षण और प्रमाणन मानकों में ई85 (85 फीसदी एथनाल) को शामिल किया गया है। मंत्रालय के इस नए प्रस्ताव से अब ई100 को इन मानकों में शामिल किया जाएगा, जिससे पूर्ण एथनाल-संचालित वाहनों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल होर्मुज स्ट्रेट में संभावित व्यवधानों से उत्पन्न ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं के जवाब में फ्लेक्स फ्यूल वाहनों को तेजी से अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रेन एथनाल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (जीईएमए) ने इस मसौदा अधिसूचना को भारत के जैव ईंधन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक प्रगतिशील और दूरदर्शी कदम बताया है। जीईएमए के अनुसार, यह एक स्पष्ट नीतिगत संकेत है कि देश ई20 से आगे बढ़कर एक संरचित और विनियमित तरीके से उच्च एथनाल मिश्रणों को अपनाने के लिए तैयार है। यह अनाज-आधारित एथनाल उद्योग के लिए उत्पादन बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और देश के ऊर्जा सुरक्षा एवं डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों में अधिक सार्थक योगदान देने के अवसर पैदा करेगा। संगठन ने कहा कि उच्च एथनाल मिश्रण अनाज की मांग को बढ़ाएंगे, जिससे किसानों की आय मजबूत होगी और एक अधिक लचीली कृषि-मूल्य श्रृंखला बनेगी। मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर हितधारकों से 30 दिनों के भीतर अपनी टिप्पणियां और सुझाव मांगे हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। हालांकि आटो उद्योग और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने फ्लेक्स फ्यूल वाहनों को लेकर कुछ चिंताएं भी व्यक्त की हैं। पश्चिम एशिया युद्ध से ठीक पहले 1 फरवरी और फिर 28 फरवरी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा बुलाई गई बैठकों में इन कंपनियों ने कमजोर फ्लेक्स ईंधन की मांग, देश में फ्लेक्स-फ्यूल वाहन माडल की अनुपस्थिति और इन्हें लाने के लिए स्पष्ट समय-सीमा न होने पर चिंता जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय ग्राहकों को इंतजार है बीवाईडी सीगुल का



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार के इलेक्ट्रिक फोर व्हीलर सेगमेंट में चीनी आटोमोबाइल कंपनी बीवाईडी शानदार प्रदर्शन कर रही है। बीवाईडी के भारतीय पोर्टफोलियो में वर्तमान में सीलियन 7, ईमैक्स 7, अट्टो 3 और सील जैसे 4 माडल शामिल हैं। हालांकि, भारतीय ग्राहकों को कंपनी की एक ऐसी कार का बेसब्री से इंतजार है जिसे उसने वैश्विक बाजार में 2023 में लान्च किया था - जी हां, इस कार का नाम है सीगुल। सीगुल का ट्रेडमार्क भारतीय बाजार के लिए भी कराया जा चुका है, और उम्मीद है कि इसे इसी साल लान्च किया जा सकता है। यह कंपनी की बजट इलेक्ट्रिक कार है, जिसे चीन में पहले ही पेश किया जा चुका है। भारतीय बाजार में लान्च होने के बाद सीगुल इलेक्ट्रिक कार का मुकाबला टाटा टियागो ईवी, सिट्रोन ईसी3 और एमजी कामेट ईवी जैसी इलेक्ट्रिक कारों से होगा। चूंकि कई कंपनियां छोटी और किफायती ई-कारों को लान्च करने की तैयारी कर रही हैं, इसलिए इसका आगमन सही समय पर माना जा रहा है। सीगुल इलेक्ट्रिक कार के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो इसके इंटीरियर में 5-इंच इंस्ट्रूमेंट कंसोल, 12.8-इंच इंफोटेनमेंट स्क्रीन, फ्लैट-बाटम स्टीयरिंग व्हील, लेयर्ड डैशबोर्ड, पावर्ड ड्राइवर सीट, इंटीग्रेटेड वायरलेस चार्जिंग पैड और कप होल्डर्स मिलते हैं। इसका इंटीरियर एक्सटीरियर की तुलना में अधिक प्रीमियम अहसास देता है। सीगुल एक 5-डोर इलेक्ट्रिक हैचबैक है, जिसमें प्रोजेक्टर के साथ आइस-ब्रेकिंग आइज हेडलाइट्स और कनेक्टिंग एलईडी टेल लाइट्स के साथ बेहद खूबसूरत साइड और रियर प्रोफाइल दिया गया है। इसमें नैनो की तरह सिंगल विंडशील्ड वाइपर, पुल-अप स्टाइल डोर हैंडल और स्टाइल कवर के साथ स्टील व्हील्स दिए गए हैं। यह कार बीवाईडी के ई-प्लेटफार्म 3.0 स्केटबोर्ड पर तैयार की गई है। इसका 30 किलोवाट आवर बैटरी पैक 305 किमी की रेंज देता है, जबकि 38 किलोवाट आवर बैटरी पैक से 405 किमी की शानदार रेंज मिलती है।

### नई जनरेशन टोयोटा फार्च्यूनर में होंगे बड़े बदलाव, अगले साल हो सकती है लान्च



**नई दिल्ली।** भारतीय एसयूवी बाजार में टोयोटा फार्च्यूनर का दबदबा आज भी कायम है, भले ही मौजूदा माडल को लान्च हुए लगभग एक दशक हो चुका है। अब टोयोटा अपनी इस सबसे पापुलर एसयूवी को पूरी तरह से बदलने की तैयारी में है। खबर है कि तीसरी जनरेशन वाली बिल्कुल नई फार्च्यूनर अगले 12 महीनों के भीतर भारतीय मार्केट में दस्तक दे सकती है। इस नई फार्च्यूनर में कई ऐसे फीचर्स मिलेंगे जो अब तक इस सेगमेंट में उपलब्ध नहीं थे, जिससे यह अपने प्रतिस्पर्धियों से एक कदम आगे निकल जाएगी। नई जनरेशन टोयोटा फार्च्यूनर का डिजाइन कंपनी की नई साइबर सूमो लैंग्वेज पर आधारित होगा, जिसमें पतली एलईडी हेडलाइट्स और टेललाइट्स के साथ एक नया और आक्रामक बंपर देखने को मिलेगा। सबसे खास बात यह है कि इसमें पहली बार पैनोरमिक सनरूफ का विकल्प भी मिल सकता है, जिसकी मांग भारतीय ग्राहक लंबे समय से कर रहे थे।

### इक्रा की चेतावनी- तेल, उर्वरक, गैस क्षेत्रों पर 80,000 करोड़ के घाटे का संकट

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति बाधाओं के कारण



वित्त वर्ष 2026-27 तक भारत के प्रमुख डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों को गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी के अनुसार यदि वर्तमान घाटे का स्तर बना रहा, तो सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को अकेले एलपीजी बिक्री पर लगभग 80,000 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हो सकता है। इक्रा ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान ने अंतरराष्ट्रीय एलपीजी, कच्चे तेल और अन्य कच्ची सामग्री की कीमतों में तेज वृद्धि की है। इन दबावों के चलते, ओएमसी को 120-125 डालर प्रति बैरल कच्चे तेल पर पेट्रोल पर 14 रुपये और डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर का भी नुकसान होने का अनुमान है, जिससे उनकी लाभप्रदता बुरी तरह प्रभावित होगी। उर्वरक क्षेत्र को भी सल्फर और अमोनिया की बढ़ती कीमतों से जूझना पड़ रहा है, जिससे वित्त वर्ष 2027 में सब्सिडी की आवश्यकता 2.05 ट्रिलियन रुपये से 2.25 ट्रिलियन रुपये तक जा सकती है, जो मौजूदा बजटीय आवंटन से कहीं अधिक है।

# लैंड रोवर डिफेंडर जैसा अहसास देंगी ये 4 रफ एंड-टफ एसयूवी, किफायती दाम में होंगी लॉन्च

नई दिल्ली

**अगर आप ऐसी गाड़ी के शौकीन हैं जो सड़क पर चलते हुए अपना दबदबा बनाए और जिसका लुक एकदम माचो हो, तो आपके लिए अच्छी खबर है। आने वाले कुछ महीनों में भारत में चार ऐसी सब-काम्पैक्ट एसयूवी एंट्री करने वाली हैं जो अपने रफ-एंड-टफ और मस्कुलर डिजाइन के लिए जानी जाएंगी। खास बात यह है कि ये गाड़ियां न केवल दिखने में दमदार होंगी, बल्कि आपके बजट में भी फिट बैठेंगी, जो आपको कम कीमत में लैंड रोवर डिफेंडर जैसा अहसास देंगी।**




इनमें सबसे पहले महिंद्रा विजन एस है, जो 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में आ सकती है। इसका डिजाइन काफी बाक्सी और सीधा होगा, जिसमें गोल एलईडी हेडलाइट्स और थार राक्स जैसी ग्रिल मिलेगी। इसके पिछले हिस्से में लगा स्पेयर व्हील और बड़े 19-इंच तक के अलाय व्हील्स इसे एक असली आफ-रोडर लुक देंगे। इसमें पैनोरमिक सनरूफ और एडीएएस जैसे माडर्न फीचर्स भी मिलेंगे और इसकी शुरुआती कीमत 10 से 15 लाख रुपये के बीच हो सकती है। रेनाल्ट भी भारत में अपनी वापसी के लिए ब्रिजर नाम की एक नई दमदार एसयूवी ला रही है, जो 2027 के अंत तक मार्केट में आ सकती है। यह रेनाल्ट काइगर और डस्टर के बीच के सेगमेंट में होगी और इसे नए आरजीएमपी प्लेटफार्म पर बनाया जा रहा है।

इसका ग्राउंड क्लीयरेंस 200एमएम के आसपास होगा, और कंपनी इसे पेट्रोल, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक, तीनों अवतार में लान्च कर सकती है। निसान भी रेनाल्ट ब्रिजर के ही प्लेटफार्म पर अपनी एक नई एसयूवी तैयार कर रही है, जिसका लुक निसान की ग्लोबल और प्रीमियम गाड़ी पेट्रोल से मिलता-जुलता होगा। यह भी पेट्रोल और हाइब्रिड इंजन के साथ आएगी और 2028 की शुरुआत तक सड़कों पर दिख सकती है। अंत में, सबकी चहेती 3-डोर महिंद्रा थार अब एक नए फेसलिफ्ट अवतार में आने वाली है।

### मारुति ग्रैंड विटारा को मिलेगा नया अपडेट, 7-सीटर एसयूवी और ब्रेजा फेसलिफ्ट भी पाइपलाइन में



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी की पापुलर एसयूवी ग्रैंड विटारा, जिसे 2022 में लान्च किया गया था, अपनी शानदार बिक्री और स्ट्रान्ग हाइब्रिड पावरट्रेन के लिए जानी जाती है। अब कंपनी इस एसयूवी को पहला बड़ा मिडलाइफ अपडेट देने की तैयारी कर रही है, जो इस साल के दूसरे छमाही में देखने को मिल सकता है। इस अपडेट में कास्मेटिक बदलावों के साथ कुछ नए फीचर्स भी शामिल किए जा सकते हैं। 2026 मारुति ग्रैंड विटारा फेसलिफ्ट में रिवाइज्ड फ्रंट ग्रिल, अपडेटेड एलईडी लाइटिंग सिग्नेचर, रीडिजाइन्ड बंपर और नए डिजाइन के अलाय व्हील शामिल हो सकते हैं, जो इसे एक नया और ताजा लुक देंगे। इंटीरियर में बड़े टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ नए ट्रिम्स और अपहोल्स्ट्री मिलने की उम्मीद है। मैकेनिकली, नई ग्रैंड विटारा में कोई बदलाव नहीं होगा; यह मौजूदा 1.5 लीटर के माइल्ड पेट्रोल हाइब्रिड और 1.5 लीटर टीएनजीए एटकिंसन स्ट्रान्ग हाइब्रिड इंजन विकल्पों के साथ आएगी। इसमें 5-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड आटोमैटिक और ईसीवीटी आटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ सीएनजी आप्शन भी मिलेगा। खास बात यह है कि मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा के 7-सीटर वर्जन पर भी काम कर रही है, जिसे एक नए नाम से लान्च किया जा सकता है। यह अपकमिंग 7-सीटर प्रीमियम एसयूवी, ग्रैंड विटारा के मुकाबले लंबी और बड़ी होगी, ताकि सीटों की एक अतिरिक्त रो को समायोजित किया जा सके। इसके अलावा, कंपनी अपनी ब्रेजा को भी मिड-साइकिल अपडेट देने वाली है, जिसमें रिवाइज्ड फ्रंट ग्रिल, एलईडी हेडलाइट्स, नए लोअर बंपर और रिफ्रेश्ड टेललाइट्स होंगे। ब्रेजा फेसलिफ्ट के केबिन में 10.25 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट यूनिट, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और प्रीमियम साफ्ट-टच मटेरियल के साथ एक नया डिजाइन किया गया डैशबोर्ड देखने को मिल सकता है।

# लागत बढ़ने से हो सकता है कारों की कीमतों में इजाफा



नई दिल्ली

कच्चे माल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि और रुपये की कमजोरी ने वाहन निर्माताओं के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कंपनियां जल्द ही अपने मुनाफे को बनाए रखने के लिए कारों के दाम बढ़ाने का फैसला ले सकती हैं। हाल के महीनों में स्टील, धातु और प्लास्टिक जैसे आवश्यक कच्चे पदार्थों की कीमतों में अचानक तेजी आई है, जिससे वाहनों के निर्माण खर्च में भारी इजाफा हुआ है। पश्चिमी एशिया में जारी तनाव का असर वैश्विक बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है, जिसके कारण स्टील की कीमतों में करीब दस प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह प्रति टन साठ हजार रुपये के आसपास पहुंच गई है।

स्टेनलेस स्टील की कीमतों में भी उछाल आया है, जिससे गाड़ियों के ढांचे और अन्य हिस्सों के निर्माण की लागत बढ़ी है। स्टील के निर्माण में उपयोग होने वाले कोकिंग कोयले की कीमत में भी तेज बढ़ोतरी देखी गई है। इसके साथ ही एल्युमीनियम और तांबे जैसे धातुएं भी एक तिहाई तक महंगी हो चुकी हैं। वाहन निर्माण के विभिन्न हिस्सों में व्यापक रूप से उपयोग होने के कारण इनके महंगे होने से कुल उत्पादन लागत पर बड़ा अंतर आ रहा है। गाड़ियों के आंतरिक हिस्सों में उपयोग होने वाले प्लास्टिक से जुड़े पदार्थों की कीमतों में भी वृद्धि हुई है।

इसके अलावा, वाहनों में उपयोग होने वाली प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली के लिए आवश्यक प्लैटिनम, रोडियम और पैलेडियम जैसी कीमती धातुओं के दाम भी काफी बढ़ गए हैं, जिससे इन उपकरणों की लागत बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी ही नहीं, बल्कि रुपये की कमजोरी भी कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

आयातित सामग्री महंगी होने से कंपनियों की लागत और बढ़ रही है। फिलहाल बाजार में मांग पर इसका बड़ा असर नहीं दिखा है, लेकिन यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो ग्राहक वाहन खरीदने में देरी कर सकते हैं।

## एआई को बढ़ावा देने हजारों कर्मियों की छंटनी करेगी काग्निजेंट




**नई दिल्ली।** आईटी सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी काग्निजेंट ने एक बड़े पुनर्गठन कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें हजारों कर्मचारियों की छंटनी की आशंका है। कंपनी इस पर 20 से 32 करोड़ डालर खर्च करेगी। यह कदम अनिश्चित आर्थिक माहौल के बीच उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने तथा कौशल की बदलती मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। नैस्डैक पर सूचीबद्ध काग्निजेंट ने अपने प्रोजेक्ट लीप कार्यक्रम के तहत यह ऐलान किया है। इसके तहत अप्रैल से दिसंबर के बीच कंपनी कर्मचारियों को बर्खास्त करने पर 20 से 27 करोड़ डालर का मुआवजा और 3 से 5 करोड़ डालर का अतिरिक्त कार्मिक व्यय वहन करेगी। यह परियोजना बुधवार को पहली तिमाही के नतीजों के साथ घोषित की गई। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं में अधिक निवेश करना, कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाना और उन्हें बाजार की मांगों के अनुरूप ढालना है। इससे कंपनी के परिचालन माडल में सुधार होगा और उत्पादकता बढ़ेगी। कंपनी को उम्मीद है कि इस साल उसे 20 से 30 करोड़ डालर की बचत होगी, जिससे मार्जिन में 20 से 40 आधार अंकों की वृद्धि होगी।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी के घटे भाव

नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान सोन और चांदी की कीमत में कमजोरी का रुख बना हुआ है। सोना 450 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 490 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी लगातार दो दिन के ठहराव के बाद शुरुआती कारोबार के दौरान 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है।

घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना 1,50,430 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,39,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।



सोना की तरह ही चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 0.34 प्रतिशत गिर कर 4,558.99 डालर प्रति औंस के स्तर पर आ गया है। इसी तरह चांदी भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 72.99 डालर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,50,580 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,52,180 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,39,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,50,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,50,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,38,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली

**पश्चिम एशिया में जारी तनाव का शीघ्र समाधान नहीं होने की आशंका और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई जोरदार तेजी के कारण ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करते रहे। डाउ जान्स फ्यूचर्स भी कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही। वहीं एशियाई बाजार में दबाव के बीच मिला-जुला कारोबार हो रहा है।**




पश्चिम एशिया में जारी तनाव की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान घबराहट का माहौल बना रहा। इस घबराहट की वजह से वाल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के कारोबार के बाद गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जान्स 280 अंक की गिरावट का शिकार हो गया। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि नैस्डेक 0.04 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ 24,673.24 अंक के स्तर पर बंद होने में सफल रहा। डाउ जान्स फ्यूचर्स फिलहाल 243.70 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 48,618.11 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 119.68 अंक यानी 1.17 प्रतिशत फिसल कर 10,213.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत टूट कर 8,072.13 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,954.56 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के नौ प्रमुख बाजार में से छह के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि तीन सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,893.97 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 195.68 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,499.18 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,111.02 अंक के स्तर पर आ गया है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 316 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,940 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 747.46 अंक यानी 1.25 प्रतिशत फिसल कर 59,170 अंक के स्तर पर आ गया है। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में बड़ी गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 158.10 अंक यानी 2.23 प्रतिशत टूट कर 6,943.13 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 347.84 अंक यानी 1.33 प्रतिशत लुढ़क कर 25,764 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,483.78 अंक के स्तर पर और कोस्पी इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,658.29 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।



# लक्ष्य सेन को मिली ली शि फेंग से करारी शिकस्त

## भारत थामस कप फाइनल में चीन से 0–1 से पीछे

नई दिल्ली

लक्ष्य सेन दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में हार गए जिससे भारत बुधवार को थामस कप फाइनल्स के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में चीन से 0–1 से पीछे है। लक्ष्य ने पिछले महीने आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फार्म को दोहरा नहीं पाए और 19–21, 21–8, 12–21 से पराजित हो गए।

अब भारत दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के जरिए मुकाबले को बराबर करने की कोशिश करेगा। इनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग से होगा। बाकी मैचों में आयुष शेट्टी का सामना वेंग होंग यांग से होगा जबकि हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी।

लक्ष्य 3–6 से पीछे चल रहे थे, उन्होंने क्रास कोर्ट स्लाइस और तेज स्मैश के बाद ली के शाट के बाहर जाने से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार स्मैश लगे जिसके बाद ली ने 10–8 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक बढ़त बनाए रखी। ब्रेक के बाद लक्ष्य ने 14–13 से आगे निकल गए। लेकिन मुकाबला बेहद कड़ा हो गया और दोनों खिलाड़ी 19–19 पर बराबरी पर आ गए। इसके बाद ली ने लगातार दो निर्णायक अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया।

दूसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। ली की तरफ से हुई कई गलतियों का फायदा उठाते हुए लक्ष्य तेजी से 5–0 और फिर 11–2 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार दबाव बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम तक खींच ले गए। तीसरे गेम में लक्ष्य 1–4 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 7–7 से बराबर कर लिया। हालांकि ब्रेक के समय तक ली ने लक्ष्य की गलतियों से बढ़त बना ली थी। लक्ष्य ने 10–12 के स्कोर पर एक सटीक क्रास कोर्ट रिटर्न के साथ एक लंबी रैली जीतकर ली के लिए चुनौती पेश की। लेकिन उनके स्मैश में बार–बार हुई गलतियों ने ली को फिर से मैच पर नियंत्रण बनाने का मौका दे दिया। चीन के खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को 17–12 तक बढ़ा दिया और जल्द ही आठ मैच प्वाइंट हासिल कर लिए। उन्होंने एक शानदार क्रास कोर्ट स्मैश लगाकर जीत दर्ज की।

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीएल 2026ः अभिषेक शर्मा और क्लासेन ने आरेंज कैप रेस में मारी बाजी, मलिंगा पर्पल कैप में सबसे आगे



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद की मुंबई इंडियंस पर छह विकेट की जीत के बाद आरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रन तालिका को पूरी तरह बदल दिया। आरेंज कैपः अभिषेक और क्लासेन का दबदबा मैच से पहले राजस्थान रायल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 400 रन के साथ आरेंज कैप धारक थे, लेकिन इस मुकाबले के बाद वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 45 रन की तेज पारी खेली, जबकि हेनरिक क्लासेन ने 30 गेंदों में नाबाद 65 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के साथ अभिषेक शर्मा 425 रन के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि क्लासेन 414 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वैभव सूर्यवंशी अब 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उनके बाद दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। ये दोनों खिलाड़ी इस सीजन 350 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। पर्पल कैपः ईशान मलिंगा सबसे आगे गेंदबाजी में ईशान मलिंगा ने एक बार फिर प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। उन्होंने मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को अपना शिकार बनाया। इस प्रदर्शन के साथ मलिंगा अब 15 विकेट लेकर पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे हैं। उनके पीछे रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार, राजस्थान रायल्स के जोफ्रा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 14–14 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा 13–13 विकेट के साथ अगली पंक्ति में बने हुए हैं।

### आईपीएल में अभी किसी टीम को प्रबल दावेदार नहीं बता सकते : गांगुली


**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है आईपीएल में सभी टीमें



अच्छा खेल रही हैं और ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता है कि कौन सी टीम जीतेगी। पंजाब किंग्स अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए काफी अच्छा कर रही है। इसके अलावा राजस्थान रायल्स और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी उसे कड़ी टक्कर दे रही हैं। अन्य टीमों भी उलटफेर कर रही हैं। कुल मिलाकर टूर्नामेंट अभी संतुलित हाल में है और कोई भी टीम आगे जा सकती है। इसलिए ये नहीं कहा जा सकता है ये टीम खिताब की प्रबल दावेदार है। गांगुली के अनुसार अभी करीब आधे मुकाबल बचे हुए है और ऐसे में ये टूर्नामेंट किसी भी दिशा में जा सकता है। कुल मिलाकर देखा जाये तो अभी कोई भी टीम ऊपर आ सकती है क्योंकि इस बार काफी अच्छी प्रतिस्पर्धा हो रही है। । अंक तालिका में भी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हो रहा है। पंजाब किंग्स अभी पहले स्थान पर चल रही है। वहीं दूसरे पर रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु है और तीसरे पर राजस्थान रायल्स वह चौथे पर सनराइजर्स हैदराबाद है। गुजरात टाइटन्स पांचवें स्थान पर है।

### वैभव के पास दिल्ली कैपिल्स के खिलाफ मुकाबले में पोलार्ड का रिकार्ड तोड़ने का अवसर

**मुम्बई।** राजस्थान रायल्स की टीम अब दिल्ली कैपल्स से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलेगी। इस



मैच में सभी की नजरें राजस्थान के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी। वैभव इस मैच में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। इसके लिए उन्हें केवल एक छक्के की जरुरत है। अगर वैभव इसमें सफल रहे तो वह किरोन पोलार्ड का सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ देंगे। पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में वैभव ने पांच छक्के लगाये थे। इन पांच छक्कों के साथ ही उनके अब टी20 की 27 पारियों में कुल 99 छक्के हो गए हैं। टी20 में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का विश्व रिकार्ड अभी पोलार्ड के नाम है। उन्होंने 843 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं सूर्यवंशी ने अब तक 511 गेंदें ही खेली हैं। ऐसे में उनका नंबर एक पर आना तय है। वैभव ने आईपीएल सत्र की शुरुआत साल 2025 में की थी। तब वह केवल 14 साल की उम्र में खेलने उतरे थे। इस प्रकार वह सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने थे। तब उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। वहीं इस सत्र में उन्होंने जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों पर भी छक्के लगाये हैं।

# विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप : रोमांचक मुकाबले में यूक्रेन को हराकर भारतीय महिलाएं ग्रुप टापर बनने के करीब

**यशस्विनी घोरपड़े ने निर्णायक मैच जीतकर भारत को 3-2 से दिलाई जीत, कल रवांडा से होगी भिड़ंत**



लंदन

लंदन के कापर बाक्स एरिना में आयोजित आईटीटीएफ–वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल्स के ग्रुप 6 के एक बेहद कड़े मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने यूक्रेन के खिलाफ 3–2 से रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने न केवल ग्रुप में अपनी बादशाहत कायम रखी है, बल्कि मुख्य ड्रा के लिए अपनी क्वालिफिकेशन की राह भी लगभग साफ कर ली है। मुकाबले की शुरुआत स्टार खिलाड़ी मणिका बत्रा और अनुभवी टेट्याना बिलेनको के बीच हुई, जहाँ मणिका ने दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 11-9, 7–11, 11–6, 11–5 के स्कोर से मैच जीतकर भारत को 1–0 की महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी।

इसके बाद दूसरे मैच में यूक्रेन की मार्गरीटा पेसोट्स्का ने यशस्विनी घोरपड़े को पांच गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले (7–11, 8–11, 11–1, 11–9, 9–11) में हराकर स्कोर 1–1 की बराबरी पर ला दिया। दबाव के बीच युवा खिलाड़ी दीया चितले ने जबरदस्त खेल दिखाया और वेरोनिका माटियुनिना को सीधे गेमों में 11–6, 11–8, 11–6 से धूल चटाकर भारत को 2–1 से आगे कर दिया। हालांकि, चौथे मैच में मार्गरीटा पेसोट्स्का ने फिर से कमाल किया और मणिका बत्रा को 9–11, 11–5, 8–11, 6–11 से हराकर मुकाबले को एक बार फिर 2–2 की बराबरी पर ला खड़ा किया, जिससे सारा दारोमदार अंतिम और निर्णायक मैच पर आ गया।

निर्णायक क्षणों में यशस्विनी घोरपड़े ने अद्भुत संयम और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया। उन्होंने टेट्याना बिलेनको के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाते हुए 11–7, 11–9, 9–11, 11–7 से जीत दर्ज कर भारत की झोली में निर्णायक जीत डाल दी। अब भारतीय महिला टीम कल अपने अंतिम ग्रुप मैच में रवांडा से भिड़ेगी, जबकि पुरुष टीम रात स्लोवाकिया के खिलाफ अपना महत्वपूर्ण मुकाबला खेलेगी।

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप : नाइजीरिया ने सऊदी अरब को कड़े संघर्ष में हराया, बेल्जियम की भी रोमांचक जीत



**लंदन।** लंदन के कापर बाक्स एरिना में बुधवार को आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के ग्रुप 15 के मुकाबले में एक बड़ा उलटफेर होते-होते बचा। नाइजीरिया की पुरुष टीम ने सऊदी अरब के खिलाफ 3–2 से रोमांचक जीत दर्ज कर खुद को राउंड आफ 32 की दौड़ में बनाए रखा है। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए हांगकांग और चीन से मिल रही कड़ी चुनौती के बीच नाइजीरिया के लिए यह जीत संजीवनी की तरह रही। मुकाबले की शुरुआत में सऊदी अरब ने नाइजीरियाई खेमे में खलबली मचा दी। मैच के दूसरे मुकाबले में अब्दुलअजीज बू शुलायबी ने नाइजीरिया के उभरते सितारे मैथ्यू कुटी को सीधे गेमों में 11–1, 11–5, 11–8 से हराकर तहलका मचा दिया। इसके बाद अली अलखद्रावी ने कुटी को उनकी दूसरी शिकस्त (5–11, 12–10, 11–7, 8–11, 11–4) देकर मुकाबले को निर्णायक पांचवें मैच तक खींच दिया। अंतिम मुकाबले में नाइजीरियाई सुपरस्टार कादरी अरुणा पर भारी दबाव था, लेकिन उन्होंने अपना अनुभव दिखाते हुए अब्दुलअजीज को 11–2, 8–11, 11–5, 8–11, 11–6 से हराकर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। महिला वर्ग के ग्रुप 3 में भी बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। बेल्जियम ने एक संतुलित टीम प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका को पराजित किया। जूली वान हौवर्ट और मार्गो डिग्रेफ ने बेल्जियम को दो बार बढ़त दिलाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने हर बार पलटवार कर स्कोर बराबर कर दिया। अंत में 18 वर्षीय लिलौ मासार्ट ने, जो मैच की शुरुआत में रोचिका सोंडे से हार गई थीं, निर्णायक भूमिका निभाई। मासार्ट ने दानिशा पटेल को 11–2, 11–7, 12–10 से शिकस्त देकर बेल्जियम की शीर्ष पर पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

# जॉर्जिया और आर्मेनिया मिलकर करेंगे 2029 फीफा अंडर-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी




येरेवन/त्बिलिसी

विश्व फुटबाल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने 2029 के अंडर–20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए जार्जिया और आर्मेनिया को संयुक्त रूप से चुना है। यह पहली बार होगा जब दक्षिण काकस क्षेत्र के ये दोनों देश किसी फीफा टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे।

यह फैसला बुधवार को कनाडा के वैंकूवर में हुई फीफा काउंसिल की बैठक में लिया गया, जो 76वीं फीफा कांग्रेस से ठीक पहले आयोजित की गई थी। हर दो साल में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट दुनिया की 24 युवा टीमों को एक मंच पर लाता है और इसे भविष्य के सितारों का मंच माना जाता है।

फुटबाल फेडरेशन आफ आर्मेनिया ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय फुटबाल समुदाय के भरोसे का प्रतीक है। फेडरेशन के अध्यक्ष आर्मेन मेलिकबेकयान ने कहा कि यह टूर्नामेंट स्थानीय खिलाड़ियों और प्रशंसकों को विश्व कप जैसा अनुभव देगा। वहीं, जार्जियन फुटबाल फेडरेशन के अध्यक्ष लेवन कोबियाशविली ने विश्वास जताया कि यह आयोजन क्षेत्र में फुटबाल के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने इसे जार्जिया के स्वतंत्र फुटबाल इतिहास का अद्वितीय क्षण बताया।इस प्रतियोगिता की शुरुआत 1977 में ट्यूनीशिया में हुई थी, तब इसे फीफा वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था। 2007 में इसका नाम बदलकर वर्तमान स्वरूप दिया गया। अब तक 23 संस्करण खेले जा चुके हैं, जिसमें अर्जेंटीना अंडर–20 ने सबसे ज्यादा छह खिताब जीते हैं, जबकि ब्राजील अंडर–20 पांच खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। हाल ही में 2025 में चिली में खेले गए टूर्नामेंट में मोरक्को ने खिताब जीता था। वहीं, 2027 का अगला संस्करण अजरबैजान और उज्बेकिस्तान की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होगा। फीफा के इस फैसले को क्षेत्रीय खेल विकास के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में युवा फुटबाल को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

### विनेश अगले माह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट से वापसी करेंगी



**नई दिल्ली।** महिला पहलवान विनेश फोगाट अब अगले माह 10 से 12 मई तक गोंडा में होने वाले राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में खेलती नजर आयेंगी। इसी के साथ ही 20 महीनों के बाद वह किसी प्रतियोगिता में खेलती दिखेंगी। विनेश ने इस रैंकिंग टूर्नामेंट के लिए नामंकन करा लिया है। वहीं उन्होंने इससे पहले नामांकन में आने वाली बाधा के बाद आरोप लगाया था कि महासंघ उनकी वापसी नहीं चाहता है पर बाद में उनका नामांकन हो गया। वहीं महासंघ का कहना था कि विनेश के आरोप सही नहीं थे। पंजीकरण पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण विनेश ही नहीं, कई अन्य पहलवानों को भी नामांकन में परेशानी आई थी। जिससे बाद में ठीक कर लिया गया। वहीं इसके बाद विनेश ने कहा, आगामी रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मेरा नामांकन पूरा हो गया। सभी के समर्थन के लिए आभार । 20 महीनों के बाद अपनी पहली प्रतियोगिता में उतरने को लेकर उत्साहित हूं। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक 2024 में अधिक वजन के कारण खिताबी मुकाबले से बाहर किये जाने के बाद वीनेश हताश होकर कुश्ती से संन्यास ले लिया था पर इस साल के एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संन्यास से वापसी का फैसला किया।

# चैंपियंस लीग सेमीफाइनल : एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच पहला मुकाबला 1–1 से ड्रॉ



मैड्रिड

यूईएफए चैंपियंस लीग 2026 के सेमीफाइनल के पहले चरण में एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच मुकाबला 1–1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। यह मैच जहां एक ओर रणनीतिक रूप से कड़ा रहा, वहीं गोल के मौके सीमित देखने को मिले।

पहले हाफ में आर्सेनल ने बढ़त बनाई। 44वें मिनट में विक्टर ग्योकेरेस को पेनल्टी मिली, जिसे उन्होंने शानदार तरीके से गोल में बदलते हुए टीम को 1–0 की बढ़त दिला दी।

हालांकि, दूसरे हाफ में एटलेटिको मैड्रिड ने वापसी की। 56वें मिनट में वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की मदद से बेन व्हाइट के हैंडबाल का फैसला हुआ, जिसके बाद जूलियन अल्वारेज़ ने पेनल्टी को गोल में तब्दील कर स्कोर 1–1 कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों ने मौके बनाए, लेकिन कोई भी बढ़त नहीं ले सका। एटलेटिको के एंटोनी ग्रिज़मैन का शाट क्रासबार से टकराया, जबकि आर्सेनल को मिला एक और पेनल्टी मौका वीएआर समीक्षा के बाद रद्द कर दिया गया।

मैच के बाद एटलेटिको मैड्रिड के कप्तान कोके ने कहा, हमने पूरा प्रयास किया। शुरुआती गोल पेनल्टी से मिला, जो मुझे थोड़ा संदिग्ध लगा। हमारे पास मैच जीतने के मौके थे, लेकिन अब फैसला दूसरे चरण में होगा। उनकी रक्षा मजबूत है और आगे उनके खिलाड़ी काफी तेज हैं। हम अपने मौकों को भुना नहीं सके। हमें उम्मीद है कि लंदन में होने वाला अगला मैच इस सत्र में हमारा आखिरी मुकाबला नहीं होगा।

आर्सेनल के गोलस्कोरर विक्टर ग्योकेरेस ने कहा, पहले हाफ में हमने मैच पर अच्छा नियंत्रण रखा। दूसरे हाफ में उन्होंने बेहतर खेल दिखाया और शायद गोल के हकदार भी थे। कुल मिलाकर यह एक कठिन मुकाबला रहा। घरेलू मैदान और दर्शकों के समर्थन के साथ अगला मैच अलग होगा। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा चरण 5 मई को लंदन में खेला जाएगा। इस मुकाबले का विजेता फाइनल में पेरिस सेंट–जर्मेन या बायर्न म्यूनिख से भिड़ेगा। फिलहाल पीएसजी को पहले चरण में 5–4 की बढ़त हासिल है।

# कैफ ने की भुवनेश्वनर की टीम इंडिया में वापसी की मांग



मुम्बई

पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने कहा है कि रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते हुए आईपीएल के इस सत्र में तेज गेंदबाज भुवनेश्वनर कुमार ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इसी को देखते हुए अब उनकी भारतीय टीम में वापसी होनी चाहिये। कैफ के अनुसार भुवनेश्वर इस बार सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के भी दावेदार हैं और उनकी गेंदबाजी काफी प्रभावी रही है। ऐसे में उनके नाम पर फिर से विचार होना चाहिये। उन्होंने का कि इस सत्र में भूवी ने अपनी स्विंग गेंदबाजी और सटीक लाइन–लेंथ से विरोधी बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया है। उन्होंने अलग–अलग हालातें में काफी अच्छी गेंदबाजी की है।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने केवल 3 ओवर में ही 5 रन देकर 3 विकेट लिए थे। कैफ का कहना है कि जब भुवनेश्वर शुरुआत में आये थे तभी ऐसी गेंदबाजी करते थे। कैफ ने कहा: जब वह 17 साल के थे, तब मैंने उनकी स्विंग और कंट्रोल देखकर उन्हें टीम में शामिल करने की मांग की थी। रणजी फाइनल में उन्होंने सचिन तेंदुलकर का विकेट लिया था। कैफ ने साथ ही कहा: आज भी 36 साल की उम्र में बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हैं और दुनिया के टाप बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं। इसलिए उनकी टीम इंडिया में वापसी होनी चाहिये।

### रियल के स्टार खिलाड़ी एंबापे चोटिल हुए, लीग में आगे खेलना संदिग्ध



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड की ओर से ला लिगा फुटबाल में खेल रहे फ्रांस के स्टार फुटबालर कायलान एंबापे चोटिल हो गये हैं ऐसे में उनका इस लीग में आगे खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। अगर एंबापे बाहर होते हैं तो ये रियल के लिए एक बडा झटका होगा। 10 मई हो बार्सिलोना के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले में भी वह शायद ही खेल पाये। यहां तक कि जून में होने होने वाले विश्कप में भी उनके खेलने पर सवाल उठ रहे हैं। इस स्टार खिलाड़ी को रियल बेटिस के खिलाफ मैच में मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उसी कारण वह मैच समाप्त होने से पहले ही मैदान से बाहर हो गये थे। क्लब के अनुसार, एम्बाप्पे के बाएं पैर की सेमीटेंडिनोसस मांसपेशी में चोट पाई गई है। हालांकि, उनकी वापसी को लेकर कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई गई है। रियल मैड्रिड ने कहा है कि खिलाड़ी की रिकवरी पर नजर रखी जा रही है और उसी के आधार पर फैसला लिया जाएगा। एम्बाप्पे ने इस सत्र में अब तक 24 गोल किये हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए बड़ा झटका होगा।

